दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी


अच्छे खासे लोगों को .........


24 घंटे मोबाइल से चिपके रहने से ......

वर्ष : 10 | अंक : 164 | लखनऊ, 24 मई, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# यूपी की 25 करोड़ आबादी जी रही खुशहाल जीवन : सीएम

- मोदी जी राशन भेजते हैं और पटनायक सरकार उस पर अपना नाम चस्पा कर लेती है : योगी
- सीएम योगी ने केंद्रपाड़ा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बैजयंत जय पांडा को जिताने की अपील की
- केंद्रपाड़ा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी गीतांजलि सेठी, महांगा से सुमंत कुमार घड़ेई, सलीपुर से अरिंदम रॉय, राजनगर से ललित बेहरा, ओल से कृष्ण चंद्र पांडा, महाकालपद से दुर्गा प्रसन्न नायक, पटकुरा से तेजेश्वर परीदा के लिए भी मांगा वोट
- बैजयंत पांडा ओडिशा के स्वाभिमान–सम्मान के प्रतीक हैं तो नवीन बाबू यहां की अस्मिता से खिलवाड़ करते हैं : योगी
- प्रशासनिक तंत्र शासन को चलाने लगता है कि बढ़ती है अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और तानाशाही

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

केंद्रपाड़ा (ओडिशा) : सीएम योगी आदित्यनाथ गुरुवार को ओडिशा की नवीन पटनायक सरकार पर बरसे। उन्होंने बीजद सरकार पर आरोप लगाया। बोले कि भारत 80 करोड़ लोगों को राशन दे रहा है। मोदी जी राशन भेजते हैं और नवीन पटनायक के नौकरशाह उस पर अपना नाम चस्पा करते हैं। पैसा दिल्ली से आता है, लेकिन यहां की सरकार गुमराह करती है। आयुष्मान भारत की सुविधा नवीन पटनायक सरकार ने शुरू नहीं होने दी, क्योंकि मोदी जी ने डीबीटी के माध्यम से गरीबों के खाते में सीधे पैसा देना शुरू किया है और इन्हें लगता है कि इसे लागू करने से कमीशनराशि बंद हो जाएगी। इस आयु में भी नवीन पटनायक ओडिशा की अस्मिता से खिलवाड़ कर रहे हैं। लैंड-सैंड, कोल, माइनिंग माफिया को प्रश्रय देकर ओडिशा के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है और संसाधनों को लुटाया जा रहा है।

सीएम योगी ने ओडिशा में दूसरी रैली केंद्रपाड़ा लोकसभा सीट पर की और यहां से भाजपा प्रत्याशी बैजयंत जय पांडा को संसद में भेजने का आह्वान किया। योगी आदित्यनथ ने केंद्रपाड़ा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी गीतांजलि सेठी, महांगा से सुमंत कुमार घड़ेई, सलीपुर से अरिंदम रॉय, राजनगर से ललित बेहरा, ओल से कृष्ण चंद्र पांडा, महाकालपद से दुर्गा प्रसन्न नायक, पटकुरा से तेजेश्वर परीदा को कमल के फूल पर जिताने की अपील की।

## प्रशासनिक तंत्र शासन को चलाने लगता है कि बढ़ती है अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और तानाशाही

सीएम योगी ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में यदि प्रशासनिक तंत्र शासन को चलाने लगता है कि अव्यवस्था, भ्रष्टाचार, तानाशाही बढ़ती है। गरीबों का शोषण होता है और माफियाराज पनपता है। 20-25 वर्षों में प्रशासनिक तंत्र ने सरकार को घेरे में लेकर ओड़िसा के लोगों को विकास की पटरी से 50 साल पीछे भेज दिया है। जनता के पास अवसर है, जैसे डबल इंजन



सरकार उत्तर प्रदेश में कार्य कर रही है, वैसे ही वैसे ही ओडिशा में लाने के लिए भाजपा के सुयोग्य लोगों को जिताकर विधानसभा व लोकसभा में भेजें।

## दस वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है

सीएम ने कहा कि दस वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है। मोदी जी के नेतृत्व में इंफ्रास्ट्रक्चर के अनेक कार्य हुए। रेलवे का अत्याधुनिकरण हो रहा है। देश की आजादी से 2014 तक जितने एयरपोर्ट भारत में बने थे, दस वर्ष में उससे अधिक एयरपोर्ट मोदी जी के नेतृत्व बने हैं। अब पटाखा फूटने पर पाकिस्तान सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है। नया भारत छेड़ने वाले को छोड़ता नहीं है।

## लोगों ने काफी समय बीजद सरकार को दिया, फिर भी ओडिशा विकास नहीं कर पाया

सीएम ने कहा कि यहां जो पावर जनरेट होती है, वह ओडिशा को महंगे, लेकिन दूसरे राज्यों को सस्ते दाम पर दी जाती है, क्योंकि नौकरशाही के चक्कर में पड़े नवीन बाबू को यह लोग उन्हें गुमराह करते हैं। यहां के लोगों ने इतना लंबा समय नवीन पटनायक को दिया है, फिर भी ओडिशा विकास नहीं कर पाया। 2017 से पहले यूपी भी माफिया के शिकंजे में था, कहीं लैंड-सैंड, माइलिंग माफिया थे। आज यूपी में सभी माफिया को उल्टा लटका दिया है। उसकी संपत्ति को सरकार के कब्जे में लेकर गरीबों के आवास बना दिया।

## देश में सर्वाधिक निवेश यूपी में आ रहा

सीएम योगी ने कहा कि यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। वहां की आबादी 25 करोड़ है, फिर भी खुशहाल जीवन जी रही है। देश में सर्वाधिक निवेश भी यूपी में आ रहा है। ओडिशा सौभाग्यशाली है कि उनके पास बैजयंत पांडा जैसे नेता हैं। वे उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव प्रभारी के रूप में काम कर रहे थे, चुनाव प्रक्रिया शुरू ही हुई थी कि भाजपा के नेतृत्व ने कहा कि आपकी आवश्यकता ओडिशा में है। केंद्रपाड़ा की जनता इंतजार कर रही है, आप वहां जाकर विकास का बेहतरीन मॉडल वहां उपलब्ध कराएं। बैजयंत पांडा ओडिशा के स्वाभिमान और सम्मान के प्रतीक हैं और सरकार की अराजकता के खिलाफ लड़ते हैं। वहीं दूसरी तरफ नवीन बाबू ओडिशा की अस्मिता से खिलवाड़ करते हैं। वे ओडिशा का विकास नहीं चाहते, इनकी वजह से राज्य पिछड़ रहा है। यह लोग यहां घुसपैठ कराएंगे। इनकी वजह से बांग्लादेशी घुसपैठिए आएंगे, मतांतरण कराएंगे। इनकी सरकार अराजकता और भाजपा सुरक्षा-विकास को बढ़ाने वाली है।

## केंद्रपाड़ा में गूंजा योगी–योगी, जनसभा स्थल पर खड़ा रहा बुलडोजर

सीएम योगी उड़िया बोल स्थानीय नागरिकों से जुड़े। यहां की रैली में योगी-योगी की खूब गूंज रही। जनसभा स्थल पर बुलडोजर देख उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री काफी गदगद दिखे। केंद्रपाड़ा में उन्होंने कहा कि बुलडोजर यूपी के सुशासन, इंफ्रास्ट्रक्चर व सुरक्षा का प्रतीक है। बहन-बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले माफिया पर बुलडोजर का इस्तेमाल कर हमने उन्हें जहन्नुम में भी पहुंचा दिया है। जनसभा में केंद्रीय मंत्री देबू सिंह चौहान, कटक जिलाध्यक्ष राम नारायण मोहंते आदि मौजूद रहे।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 26.c

**बाजार**

सोना 5848/ g

चांदी 75.50/ g

सेंसेक्स 73,878.15

निफ्टी 22,475.85

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो दोस्तों की मौत, एक घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

इंदौर। इंदौर में बिजली की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो लोगों की बुधवार देर रात मौत हो गई, जबकि एक छात्र करंट का झटका लगने से मामूली तौर पर घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विनोद कुमार मीना ने बताया कि राऊ थाना क्षेत्र की सिलिकॉन सिटी में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर दिव्यांश कानूनगो (21) और नीरज पटेल (26) की मौत हो गई, जबकि मनन (21) घायल हो गया। उन्होंने बताया कि तीनों दोस्त एक बहुमंजिला इमारत में किराये के घर में रात के वक्त भोजन की पार्टी कर रहे थे। राऊ पुलिस थाने के प्रभारी राजपाल सिंह राठौर के मुताबिक कानूनगो और पटेल की मौत बहुमंजिला इमारत की उस बालकनी में खड़े रहने के दौरान हुई जिसके सामने से बिजली की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। उन्होंने बताया, घटना के वक्त मनन घर के भीतर रोटियां बना रहा था। जब मनन ने कानूनगो और पटेल को हाईटेंशन लाइन से चिपके देखा, तो उसने लकड़ी की मदद से दोनों को वहां से हटाने की कोशिश की। इस दौरान मनन को भी बिजली का झटका लगा और वह मामूली तौर पर घायल हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि कानूनगो और पटेल के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और घटना की विस्तृत जांच की जा रही है।

# पाकिस्तान की ताकत को मैं खुद चेक करके आया

## मणिशंकर अय्यर के 'परमाणु राष्ट्र' वाले बयान पर पीएम मोदी का तंज

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में देश की परमाणु रक्षा को लेकर पाकिस्तान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से पड़ोसी देश का दौरा किया है और जांचा है कि वह कितना शक्तिशाली है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए, पीएम मोदी ने हाल ही में इंडिया टीवी को दिए एक साक्षात्कार में कहा, उस ताकत को मैं खुद लाहौर जाकर चेक करके आया हूं।


प्रधानमंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर को जवाब दे रहे

थे, जिन्होंने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत करनी चाहिए और अपनी सैन्य ताकत नहीं बढ़ानी चाहिए क्योंकि इससे इस्लामाबाद परमाणु हथियार तैनात करने के लिए परेशान हो सकता है। पीएम मोदी ने 2015 में पाकिस्तानी शहर लाहौर की अपनी यात्रा को याद करते हुए कहा कि जब उन्होंने पाकिस्तान का दौरा किया था, तो कई पत्रकारों ने सवाल किया था, हाय अल्लाह तोबा, ये बिना वीजा के आ गए।

इंटरव्यू के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370 हटाए जाने पर बात की, विपक्ष का आरोप है कि वह (प्रधानमंत्री) नरेंद्र मोदी खुलेआम मुस्लिम आरक्षण के खिलाफ बात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने याद किया कि कैसे विपक्ष विदेश नीति के मुद्दे पर उनसे सवाल करता था और उनकी क्षमता पर संदेह करता था कि क्या वह इसे आगे बढ़ा पाएंगे। पीएम मोदी ने इस बारे में बात की कि कैसे उन्होंने विश्व नेताओं के साथ आधिकारिक के अलावा व्यक्तिगत संबंध विकसित किए।

**संक्षिप्त समाचार**

## गंगा नदी में डूबने से भाई-बहन की मौत, गोताखोरों ने निकाला शव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

रायबरेली जिले के सरेनी थाना क्षेत्र में भाई-बहन की गंगा में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि गोताखोरों की मदद से दोनों के शव नदी से बाहर निकाले गएऔर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। सरेनी के थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पूरे मत्तू मजरे रालपुर गांव के रामनरेश की बेटी गुड़िया (13) एवं बेटा कृष्णा (11) मल्लाही गंगा घाट पर पहुंचे और स्नान करने लगे। उनके अनुसार गहरे पानी में जाने के कारण दोनों डूब गए। उन्होंने बताया कि थोड़ी देर बाद मां सीमा वहां पहुंची तो कपड़े नदी किनारे रखे मिले, इस पर उसने शोर मचाया। उन्होंने बताया कि बाद में पुलिस मौके पर पहुंची एवं गोताखोरों को बुलाया गया जिन्होंने नदी से दोनों के शव बरामद किए। थाना प्रभारी कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।

## पटनायक पांडियन को अगला मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं : गिरिराज सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को एक गुट ने बंधक बना रखा है और वह वी. के. पांडियन को अगला मुख्यमंत्री बनाने की योजना बना रहे हैं। सिंह ने अपने कैबिनेट सहयोगी धर्मेंद्र प्रधान के वास्ते प्रचार करने के लिए एक रोड शो में भाग लिया। प्रधान संबलपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हैं।

# पांच चरण में ही बीजेपी 310 के पार, कांग्रेस को नहीं मिल रही 40 सीटें : शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दावा किया कि पहले पांच दौर के मतदान में, भाजपा 310 को पार कर गई है₹ और कांग्रेस पार्टी को इस बार ₹40 सीटें भी नहीं मिल रही हैं। शाह ने डुमरियागंज के भाजपा उम्मीदवार जगदंबिका पाल के समर्थन में सिद्धार्थनगर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले पांच चरणों में इंडिया गठबंधन का सफाया हो गया है। मैं आपको बता रहा हूं, इस बार कांग्रेस को 40 सीटें भी नहीं मिल रही हैं और अखिलेश यादव को चार सीटें भी नहीं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर)



भारत का हिस्सा है और बीजेपी इसे वापस लेगी।

शाह ने कहा कि 5 चरणों के चुनाव में पीएम मोदी 310 पार कर के 400 की ओर बढ़ रहे हैं। कांग्रेस और सपा का सूपड़ा साफ हो गया है। इनको (कांग्रेस) 40 से ज्यादा सीट नहीं मिलने वाली है। अखिलेश बाबू आपका तो 4 का भी आकड़ा पार नहीं हो रहा है। पीएम मोदी निश्चित रूप से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष, घमंडिया गठबंधन बनाकर आगे बढ़ा है। देश की जनता जानना चाहती है कि अगर इन्हें बहुमत मिला, तो इनका प्रधानमंत्री कौन होगा ?

भाजपा नेता ने कहा कि एक पत्रकार ने उनसे पूछा कि आपका प्रधानमंत्री कौन होगा, तो उनके एक नेता ने कहा कि 5 साल बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनेंगे। राहुल बाबा, ये परचून की दुकान नहीं है, 140 करोड़ का महान देश है। उन्होंने कहा कि ये लोग अपने परिवार के लिए निकले हैं। जबकि मोदी जी का परिवार ही भारत के सभी नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता कहते हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करो, उनके पास एटम बम है। अरे, राहुल बाबा हम भाजपा वाले एटम बम से डरने वाले नहीं हैं। PoK भारत का है, रहेगा और हम इसे लेकर रहेंगे।

शाह ने कहा कि एटम बमों से देश के मसले हल नहीं होते हैं। देश के मसले नेता के एटम बम जैसे व्रज इरादों से हल होते हैं, जो मोदी जी में हैं। उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस का इरादा SC-ST-OBC के आरक्षण पर डाका डालने का है। कल ही बंगाल हाईकोर्ट का एक फैसला आया है। OBC की लिस्ट में बंगाल सरकार ने 180 मुस्लिम जातियों को डाल दिया था और हमारे पिछड़े वर्ग के आरक्षण का अधिकार मुसलमानों को देने का काम किया था। हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देता।

# अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार टीएमसी सरकार की विशेषताएं: नड्डा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में कई वर्गों का ओबीसी दर्जा खत्म करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले को स्वीकार करने से इनकार करने पर बुधवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और कहा कि मुख्यमंत्री को संविधान का अनादर नहीं करना चाहिए। यहां पार्टी की युवा शाखा के सदस्यों की एक सभा में नड्डा ने कहा कि अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार की विशेषताएं हैं। उन्होंने कहा, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होना चाहिए। आरक्षण केवल आर्थिक स्थिति के आधार पर होना चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस पर काफी से जोर दिया है। ओबीसी आरक्षण की आड़ में बनर्जी ने मुस्लिम आरक्षण लागू कर दिया था। उच्च न्यायालय ने धर्म के आधार पर राज्य द्वारा जारी किए गए ओबीसी प्रमाणपत्रों को अमान्य घोषित कर दिया। नड्डा ने बनर्जी द्वारा अदालत के आदेश का पालन करने से इनकार किए जाने पर उनकी आलोचना की, संवैधानिक सिद्धांतों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया और उन पर मुस्लिम लीग के एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया।

# भ्रष्टाचार के दलदल में डूबा हुआ है पूरा लालू परिवार, बिहार के लिए है अभिशाप : सम्राट चौधरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक बार फिर लालू यादव और परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूरा परिवार भ्रष्टाचार के दलदल में डूबा हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि लालू यादव और राबड़ी देवी के बॉडीगार्ड्स का गलत इस्तेमाल किया गया और बूथ पर बार-बार गड़बड़ी की गई। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, लालू प्रसाद का पूरा परिवार भ्रष्टाचार के दलदल में डूबा हुआ है। बार-बार परेशान कर जनता को यह साबित कर दिया गया। हर बार लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के अंगरक्षकों का दुरुपयोग किया जा रहा है। छपरा घटना की जांच होनी चाहिए।

इससे पहले, 19 मई को उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर अपनी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के भीतर भाई-भतीजावाद और पारिवारिक तुष्टीकरण का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर, भाजपा जमीनी स्तर पर लोगों को जोड़ने का काम कर रही है और पार्टी में भाई-भतीजावाद के लिए कोई जगह नहीं है क्योंकि पार्टी के प्रत्येक सदस्य के साथ समान व्यवहार किया जाता है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद का परिवार बिहार की राजनीति के लिए अभिशाप है, बिहार को लूटना, बिहार में गुंडागर्दी और भाई-भतीजावाद की पराकाष्ठा उनके धर्म में है, जनता फैसला करे।

भाजपा नेता ने कहा कि राजद के पास केवल 20 से 25 प्रतिशत वोट हैं, और उन्हें लगता है कि जातिवाद को राजनीति में एकीकृत करना उनके लिए काम करेगा। भले ही वे चुनाव जीत जाएं, लेकिन लालू जी किसी को सत्ता नहीं देने वाले हैं। वह इसे केवल अपने परिवार को हस्तांतरित करेगा। जब राजद सरकार में थी तो तेजस्वी उपमुख्यमंत्री थे और जब विपक्ष में थे तो विपक्ष के नेता थे और दूसरे सदन में उनकी मां उनके साथ थीं। लालू जी कभी भी किसी बाहरी व्यक्ति को प्रमुख पद नहीं दे सकते। बिहार में सभी सात चरणों में चुनाव लड़े जाते हैं। 40 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के साथ, जो सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चौथा सबसे बड़ा है, बिहार भारतीय राजनीति को आकार देने में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। बिहार में विपक्षी गठबंधन, महागठबंधन (महागठबंधन) से राजद राज्य की 40 लोकसभा सीटों में से 26 पर चुनाव लड़ेगा।

# छठे चरण के चुनाव के लिए प्रचार खत्म, 25 मई को होगी वोटिंग

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए प्रचार आज खत्म हो गया। इस चरण में शनिवार, 25 मई को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर मतदान होगा। इनमें बिहार की 8 सीटें, हरियाणा की सभी 10 सीटें, जम्मू-कश्मीर की एक सीट, झारखंड की 4 सीटें और दिल्ली की सभी 7 सीटें, ओडिशा की 6 सीटें, उत्तर प्रदेश की 14 सीटें और पश्चिम बंगाल की 8 सीटें शामिल हैं। इन 58 लोकसभा क्षेत्रों से 889 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम 6 बजे समाप्त होगा।

ओडिशा में छठे चरण में होने वाले छह लोकसभा क्षेत्रों के लिए प्रचार आज शाम समाप्त हो गया। इस महीने की 25 तारीख को आम चुनाव के साथ ही राज्य में हो रहे विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण में संबलपुर, क्योंझर, ढेंकनाल, पुरी, भुवनेश्वर और कटक लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले 42 विधानसभा क्षेत्रों में



भी मतदान हो रहा है। यह चरण केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मेंद्र प्रधान, भाजपा नेता भर्तृहरि महताब, अपराजिता सारंगी, संबित पात्रा, बीजद संगठन महासचिव प्रणब प्रकाश दास सहित कई दिग्गजों के साथ महत्वपूर्ण चुनावी लड़ाई का गवाह बनने के लिए तैयार है।

उत्तर प्रदेश में छठे चरण में जिन सीटों पर मतदान होगा उनमें सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (एससी), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (एससी) और भदोई शामिल हैं।

## लोकसभा चुनाव 2024 चरण 6 : निर्वाचन क्षेत्रों की पूरी सूची

दिल्ली- चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली

हरियाणा- अंबाला, कुरूक्षेत्र, सिरसा, हिसार, करनाल, सोनीपत, रोहतक, भिवानी-महेंद्रगढ़, गुड़गांव, फरीदाबाद

उत्तर प्रदेश- सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डोमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर, भदोही

पश्चिम बंगाल- तमलुक, कांथी, घाटल, झाड़ग्राम, मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुरा, बिष्णुपुर

झारखंड- गिरिडीह, धनबाद, रांची, जमशेदपुर

बिहार- वाल्मिकी नगर, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज (एससी), सीवान, महाराजगंज

जम्मू एवं कश्मीर- अनंतनाग-राजौरी

ओडिशा- भुवनेश्वर, पुरी, ढेंकनाल, क्योंझर (एससी), कटक, संबलपुर

## गरीब व मेधावी बच्चों के लिए कम फीस में कोर्स ऑन कम्प्यूटर कोर्स प्रशिक्षण शुरू

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सहयोग परिवार इंस्टीट्यूट आफ कम्प्यूटर एजूकेशन (स्पाइस) द्वारा आगामी एक जून से गरीब व मेधावी बच्चों के लिए कम फीस में कोर्स ऑन कम्प्यूटर कोर्स प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। यह जानकारी स्पाइस के प्रबंधक अमित राज ने दी। उन्होंने बताया कि तीन माह के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए गरीब व मेंधावी बच्चों को एक हजार रुपए ही प्रशिक्षण शुल्क देना होगा। प्रबंधक अमित राज ने बताया कि सरकारी नौकरी के लिए अनिवार्य किये गये ट्रिपल सी कोर्स गरीब मेंधावी बच्चे भी कर सकें, इसके लिए सहयोग परिवार द्वारा तीन माह का यह प्रशिक्षण शुरू किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी 30 मई तक अपने समस्त शैक्षिक, जाति, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व एक फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं।

# 12 राज्यों में कमल खिलाने पहुंचे भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ

**लोकसभा चुनाव-2024 (छठवां चरण)**

**27 मार्च से शुरू किया था चुनावी कार्यक्रम, 54 दिन में की 170 रैली**

**छठवें चरण में भी उत्तर प्रदेश की सभी 14 सीटों पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

**छठवें चरण में ओडिशा, बिहार, नई दिल्ली व हरियाणा में भी योगी ने लगाया जोर**

**यूपी विधानसभा के उपचुनाव और ओडिशा विधानसभा के प्रत्याशियों के लिए भी किया संवाद**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ: मौसम का तेवर तल्ख है और देश का सियासी तापमान काफी ऊपर चल गया है। चिलचिलाती धूप और बेतहाशा गर्मी में कहीं तापमान 45 डिग्री है तो कहीं इससे भी अधिक। इसके बावजूद आसमां का ताप सहकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक के रूप मे निरंतर रैली और जनसभा कर रहे हैं। 54 दिन से वे स्वयं निरंतर आमजन के बीच पहुंच रहे हैं। इतने दिनों में उन्होंने कुल 170 चुनावी कार्यक्रम किए। छठवें चरण के चुनाव प्रचार तक सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के 12 राज्यों में उनकी चुनावी जनसभा हो चुकी है। सीएम योगी ने 137 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 12 रोड शो किए। इसके अलावा काशी में नारी वंदन-कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी हिस्सा लिया। उन्होंने लोकसभा संचालन समिति की दो बैठक भी की।

### 12 राज्यों में योगी ने किया चुनाव प्रचार

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी ने योगी आदित्यनाथ को स्टार प्रचारक बनाया है। उन्होंने कमल खिलाने के लिए खूब पसीना भी बहाया। छठवें चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भी सीएम दो राज्यों में पहुंचे। अब तक उन्होंने 12 राज्यों में चुनाव प्रचार कर लिया। इनमें महाराष्ट्र, उत्तराखंड, बिहार, जम्मू, छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, ओडिशा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल व चंडीगढ़ शामिल हैं। छठवें चरण की वोटिंग 25 मई को होगी। इस दिन सिरसा, कुरुक्षेत्र, पूर्वी दिल्ली, बिहार की पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, ओडिशा की पुरी लोकसभा सीट पर वोट पड़ेंगे, जबकि ओडिशा की केंद्रपाड़ा सीट पर पहली जून को चुनाव है। इन सीटों पर योगी आदित्यनाथ ने प्रचार किया।

### ओडिशा विधानसभा और उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के लिए भी किया प्रचार

उत्तर प्रदेश की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी हो रहे हैं। इसमें से दो सीटों (ददरौल और लखनऊ पूर्व) पर वोट पड़ चुके हैं। छठवें चरण में गैसड़ी विधानसभा सीट पर चुनाव होंगे। यहां से भाजपा प्रत्याशी शैलेष कुमार सिंह 'शैलू' के लिए सीएम योगी दो जनसभा कर चुके हैं। दुद्धि विधानसीट पर पहली जून को उपचुनाव होगा। इसके अलावा योगी आदित्यनाथ ने ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के लिए वोट मांगा। यहां की चिल्का, केंद्रपाड़ा, महांगा, सलीपुर, राजनगर, ओल, महाकालपद व पटकुरा में कमल का फूल खिलाने की अपील की।

### छठवें चरण में भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता, विधायक और एमएलसी मैदान में

सीएम योगी ने छठवें चरण की सभी 14 सीटों पर प्रचार किया। इसमें सात सीटों पर भाजपा ने अपने सांसदों पर ही विश्वास किया। एक सीट पर बसपा से आए प्रत्याशी को टिकट दिया है। पांच सीटों पर नए प्रत्याशी उतारे गए हैं। सुल्तानपुर में सांसद मेनका गांधी, प्रतापगढ़ में सांसद संगमलाल गुप्ता, डुमरियागंज से सांसद जगदंबिका पाल, बस्ती से सांसद हरीश द्विवेदी, संतकबीर नगर से सांसद प्रवीण निषाद, आजमगढ़ से सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' व मछलीशहर से सांसद बीपी सरोज को टिकट दिया है। वहीं अंबेडकरनगर में बसपा से आए रितेश पांडेय को भाजपा ने मैदान में उतारा है। नए उम्मीदवारों में श्रावस्ती से साकेत मिश्र (एमएलसी), भदोही से विनोद बिंद (विधायक), इलाहाबाद से नीरज त्रिपाठी, फूलपुर से प्रवीण पटेल, जौनपुर से कृपाशंकर सिंह को टिकट दिया गया है। वहीं लालगंज से पार्टी ने 2019 की प्रत्याशी नीलम सोनकर पर फिर से दांव लगाया है।

### 27 मार्च से निरंतर कर रहे चुनावी कार्यक्रम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 27 मार्च को मथुरा में प्रबुद्ध सम्मेलन कर चुनावी कार्यक्रम का आगाज किया था। इसके बाद से वे निरंतर चुनावी कार्यक्रम कर रहे हैं। सातवें चरण में 13 लोकसभा सीटों पर पहली जून को वोट पड़ेगा।

## सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अमन लेखनी समाचार**



मृतक फाइल – फोटो

लखनऊ। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार फाइनेंसर की दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। माल थाना क्षेत्र के मुसरियन खेड़ा गांव निवासी शशेंद्र यादव (31) बुधवार शाम करीब सात बजे माल जेहटा मार्ग पर पतौना मोड़ के पास बाइक से वापस घर लौट रहा था। तभी बेकाबू अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह छिटक कर सड़क पर जा गिरे जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक युवक क्षेत्र में गाड़ी फाइनेंस का कार्य करता था। उसी से अपना भरण पोषण करता था। मृतक के परिवार में पिता मुन्नी लाल, माता सरस्वती और भाई राहुल यादव का रो रो कर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम के बाद बृहस्पतिवार को शव घर पहुंचते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। गुरुवार देर शाम परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में माल इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

## भांग खाने से ठेके पर कार्यरत सेल्समैन की हालत बिगड़ी, मौत

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ । कृष्णा नगर क्षेत्र के बाराबिरवा में स्थित भांग के ठेके पर कार्यरत एक सेल्समैन का बुधवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ गईं मौजूद लोगो ने नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुँचाया जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि बाराबिरवा स्थित मानसरोवर मार्केट में अशोक जयसवाल का सरकारी भांग का ठेका है जिसपर तीन सेल्समैन कार्यरत हैं बुधवार शाम करीब 6:00 बजे मूलरूप से बैसवारा लालगंज जनपद रायबरेली निवासी अंजनी शुक्ला (33) पुत्र लक्ष्मी कांत शुक्ला जोकि ठेके पर सेल्समैन के रूप में कार्यरत था भांग खाने के बाद युवक की हालत बिगड़ गई आनन फानन में मौजूद लोगो ने युवक को लोकबंधु अस्पताल पहुँचाया जहाँ डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दियो सूचना पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस के मुताबिक मृतक अविवाहित था

# इंडिया गठबंधन को हर तरफ से मिल रहा समर्थन : अखिलेश यादव

**अमन लेखनी समाचार**




**लखनऊ,** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज प्रतापगढ़ में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एस.पी. सिंह पटेल, जौनपुर से प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा, मछलीशहर से प्रत्याशी प्रिया सरोज के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभाओ को सम्बोधित कर ऐतिहासिक वोटों से जिताने की अपील की।

अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को हर तरफ से समर्थन मिल रहा है। जनता साथ में खड़ी हो गयी है। जनता में भाजपा के खिलाफ भारी आक्रोश है। जनता बदलाव के लिए वोट कर रही है। भाजपा पीडीए परिवार से घबराई हुई है। पूर्वांचल में भाजपा का एक भी सांसद नहीं जीतेगा। इस बार भाजपा का कोई मैनेजमेंट नहीं चलेगा। पूर्वांचल से भाजपा की विदाई होना तय है। चुनाव बाद दिल्ली की सरकार तो बदलेगी ही मंत्रिमंडल भी बदलेगा। इंडिया गठबंधन की सरकार महंगाई कम करेगी। नौजवानों को नौकरी देगी। गरीबों, किसानों के हित में फैसले लिए जाएंगे।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के दस साल में हर बात झूठी निकली। वादा झूठा निकला। जब से समाजवादी और कांग्रेस एक साथ आये हैं, इंडिया गठबंधन बना है भाजपा के दिल्ली और लखनऊ के इंजन टकरा रहे है। माहौल ऐसा बन गया भाजपा प्रदेश की 80 की 80 सीटे हारेगी। प्रधानमंत्री भी वाराणसी से हारेंगे। वह शहजादे की बात करते हैं, इस बार शहजादे जनता के साथ मिलकर भाजपा को मात दे रहे है। देश में बदलाव की हवा चल रही है। जनता भाजपा से हिसाब ले रही है। भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों, गरीबों सभी के साथ विश्वासघात किया है, धोखा दिया। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। इस सरकार ने महंगाई बढ़ा दी। खेती का लागत मूल्य बढ़ गया है। खाद-बीज कीट नाशक सब चीजों के दाम बढ़ गये हैं। लेकिन किसानों को उनकी फसलों का सही दाम नहीं मिला। भाजपा सरकार ने नौजवानों को नौकरी, रोजगार नहीं दिया। भाजपा की गलत नीतियों से नौकरियां छिन गयी। भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो गये। भाजपा सरकार में 10 पेपर लीक हो गये। भाजपा सरकार ने जानबूझ कर पेपर लीक कराये। यह सरकार नौकरी और आरक्षण नहीं देना चाहती है। भाजपा ने नौजवानों का एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया। इस सरकार ने सेना की नौकरी अग्निवीर योजना बनाकर चार साल की करके आधी-अधूरी कर दी। इंडिया गठबंधन की सरकार में खाली पड़े तीस लाख पदों पर भर्ती तो होगी ही, साथ में अग्निवीर योजना खत्मकर नौजवानों को सेना की पक्की नौकरी दी जाएगी।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में बेच दिया है। हवाई-अड्डे बेच दिए, रेलवे स्टेशन बेच दिये। बंदरगाह बेच दिया। सरकारी विभागों की नौकरियां खत्म कर आउटसोर्स कर दिया। सेना की पक्की नौकरी खत्म कर 4 साल की कर अग्निवीर योजना बना दिया। आधी रात को अचानक नोटबंदी कर दी। भाजपा सरकार पर कोई भरोसा नहीं किया जा सकता है। इससे सावधान रहना है। भाजपा बाबा साहब का संविधान बदलना चाहती है। संविधान से सभी को वोट का अधिकार मिला है। संविधान से शिक्षा, आरक्षण और अन्य अधिकार मिले है। यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। संविधान बचेगा तभी लोकतंत्र बचेगा। तभी आरक्षण और नौकरियां बचेगी। हम इंडिया गठबंधन के लोग संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। संविधान बचाने के लिए भाजपा सरकार को हटाना होगा।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने महंगाई बढ़ा दी है। किसानों की खाद की बोरी से चोरी कर ली। भाजपा ने कम्पनियों को मुनाफा कमाने के लिए महंगाई बढ़ाई है। जनता को लूटने का काम किया है। डीजल, पेट्रोल, रसोईगैस की कीमत तो बढ़ाई ही साथ में साइकिल से लेकर मोटर साइकिल तक सबके दाम बढ़ा दिए। दवाईयों के दाम बढ़ा दिए। वैक्सीन कम्पनी से चंदा लेकर सभी को वैक्सीन लगवा दी। कर्मचारियों को जबरदस्ती लगवा दी। अब जो रिपोर्ट आयी है उसमें लोगों को गंभीर बीमारियां हो रही हैं। भाजपा ने उद्योगपतियों से इलेक्टोरल बांड वसूल कर महंगाई बढ़ा दी। भारी भ्रष्टाचार किया। हजारों करोड़ रुपए चंदा लिया। भाजपा सरकार के पास इलेक्टोरल बांड की वसूली का जवाब नहीं है।

## वीडियो काल पर खाते की जानकारी ले हड़पे 1,58 ,400 रुपए

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाले युवक को कालर जालसाज ने झांसे में लेकर 1,58 ,400 रुपए एकाउंट नम्बर पर ट्रांजेक्शन करा हडप लिए कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित रामगली नटखेड़ा रोड निवासी हेमन्त कलवानी पुत्र हासानंद कलवानी के अनुसार बीते 20 मई की दोपहर जालसाज कालर ने उसके मोबाइल फोन पर आधार कार्ड का गलत उपयोग होने की बात करते हुए पार्सल मुम्बई से ईरान नहीं पहुंचने की बात करते हुए अवैध पासपोर्ट, डेबिट कार्ड और एल एस डी ड्रग्स की गलत जानकारी देने की बात करते हुए फेडेक्स कोरियर सर्विस से पीड़ित के सामान ईरान नहीं पहुंच पाने की बात करते हुए मुम्बई अन्धेरी थाना इचार्ज से बात करवाने की बात कही। आरोप है कि मुम्बई अन्धेरी थाना इचार्ज के रूप में परिचय देते हुए साइबर जालसाज ने उससे स्कीप ऐप्लीकेशन डाउनलोड करा अपनी जाली आई डी दिखाकर उससे उसका आधार कार्ड मंगवाया। फिर वीडियो काल करके कैमरा आन रखने को बोला पीड़ित के सभी खातो की जांच की बात कही। वही पीड़ित का कहना था कि जालसाजों ने उससे कहा कि अगर बैंक खाता आई सी आई सी आई बैंक में होने की बात कहते हुए उसके सारे ट्रांसेक्शन चेक करने की बात करते हुए उसके बाकी बैंको से एक एक करके पैसा आईसीआईसीआई अकाउट में ट्रांसफर की बात कहते हुए अपने सीनियर आफिसर द्वारा उसे गाइड करने के लिए उसे मोबाइल ऐप से एक अकाउंट में पैसा ट्रान्सैक्शन करने को कहा और उसके बैंक एकाउंट से 1,58,400 निकला गया। वही पीड़ित के अनुसार जालसाज का नाम गणेश रौडवेस उसके एकाउंट पर शो कर रहा है। जिसकी शिकायत उसने साइबर सेल सहित स्थानीय थाने में पुलिस से करी है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## कस्टम अधिकारियों ने एक किलो सोने के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। चौधरी चरण्र सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बुधवार को कस्टम अधिकारियों ने एक तस्कर के तकरीबन एक किलो सोना बरामद किया। सोने का पेस्ट बनाकर मलाशय में छिपा कर लाए गये इस सोने की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब साठ लाख बताई जा रही है। कस्टम अधिकारी तस्करी कर लाए गये सोने को जब्त करने के साथ ही तस्कर को हिरासत में लेकर उससे पूछतांछ कर रही है।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक शारजहां से बुधवार को राजधानी के चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंची इण्डिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई-1424) से आए एक यात्री को कस्टम अधिकारियों ने संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए रोक लिया। कड़ी पूछतांछ के बाद तस्कर ने अपने पास तस्करी कर लाया गया सोना मौजूद होने की बात कबूल की। सूत्रों के मुताबिक तस्कर सोने का पेस्ट बनाकर अपनी मलाशय में छिपाकर लाया था। तस्कर की जांच के बाद उसके शरीर के प्राइवेट पार्ट से 803 ग्राम सोना बरामद किया गया। अधिकारियों के मुताबिक इस सोने की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 59.43 लाख रुपये है। उल्लेखनीय है कि बीते एक अप्रैल को 36 तस्करों को कस्टम की टीम ने रोका था। इसमें से छह तस्कर को कस्टम ने पकड़ लिया था। वहीं, एक महिला सहित 30 तस्कर दो अप्रैल को भाग निकले थे। सभी तस्कर रामपुर के टांडा के रहने वाले थे। इस मामले के बाद से तस्करों ने उत्तर प्रदेश की जगह काठमांडू को अपना नया ठिकाना बनाया था। करीब डेढ़ माह के बाद फिर से तस्करों ने लखनऊ से तस्करी करने का प्रयास किया है।

## लोकसभा फूलपुर से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य का हुआ स्वागत

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। लोकसभा फूलपुर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य जी का सुजीत कुमार पासी और उनकी टीम ने सैकड़ों साथियों के साथ बहादुरपुर में स्वागत किया, कार्यक्रम में सैकड़ों साथी के साथ सुजीत पासी ने संभाला मोर्चा, गुलालपुर (बच्चा प्रधान) के यहां से जनसभा में सम्मिलित होते हुए मदारपुर चौराहा पर जनता से जनसंपर्क फिर उसके बाद काफिले के साथ हेतापट्टी में पैदल मार्च करके लोगो से मिलकर अमरनाथ सिंह मौर्य जी के समर्थन में वोट अपील की, उसके बाद अपने ग्राम बहादुरपुर में जनसभा में लोगो से समर्थन और वोट का आश्वासन दिलवाया, उसके बाद अन्य कार्यक्रम में अपनी टीम के साथ सोनौटी, रहिमापुर, दुर्जनपुर, पूरे सूरदासपुर, झूंसी पुरानी पुलिस चौकी, लेखराजपुर, कालोनी भ्रमण में अमरनाथ सिंह मौर्य जी के साथ मौजूद रहे। बताते चले की सुजीत कुमार पासी गरीबों की हर संभव मदद करते है और अपने छेत्र में उनकी बहुत अच्छी छवि है, अपने जनता के लिए हर संभव मदद और हर समय खड़े रहते है और पूर्व में बहादुरपुर ब्लॉक से ज़िला पंचायत का चुनाव भी लड़ चुके है। कार्यक्रम में जंगबहादुर प्रधान, कनहईलाल पार्षद सोनौटी, राम प्रताप यादव, मान सिंह यादव, अनिल यादव, दीपक भारती, राम वृछ, पप्पू पासी, लालमन पासी, ननचू पासी, राम अभिलाष, ज्ञानचंद्र, विजय सिंह, रिंकू, रोबिन सरोज, अजय यादव प्रधान हेतापट्टी, जय सिंह पासी, मिठाई लाल पासी, रमेश पासी, सुनील, घन्ने, सरोज यादव, अजय पाल, अरुण पाल, डाङ्ग राजमन, सुरेंद्र यादव, महेंद्र, पुटटूर, राम कैलाश प्रधान फजुल्लापुर एवं कार्यकर्तगण मौजूद रहें।

## अग्निशमन अधिकारी ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कराई रिपोर्ट दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर फायर स्टेशन के अग्निशमन अधिकारी सुमित प्रताप सिंह ने आए दिन आग लगने की फर्जी सूचना देने वाले इलाके के ही फरुर्खाबाद चिल्लावां स्थित सनी टोयोटा के पास रहने वाले सईद नामक व्यक्ति के खिलाफ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के अलावा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अग्निशमन अधिकारी सुमित प्रताप सिंह का कहना है कि एक व्यक्ति अलग-अलग मोबाइल नंबरों के जरिए कभी घर में, कभी फैक्ट्री में तो कभी किसी वाणिज्यिक प्रतिष्ठान में आग लगने की सूचना देता है। जब अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम 2024 में दिए गए प्रोटोकॉल के अनुसार अग्निशमन वाहन रवाना होते हैं तो घटना स्थल पर पहुंचकर वहां ऐसा कुछ नहीं मिलता है। इसके बाद जब फोन करने वाले से संपर्क किया जाता है तो वह अधिकतर फोन ही नहीं उठाता है। लेकिन यदि कभी फोन उठाता भी है तो आग का विवरण पूछने पर गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी तक देता है। आरोप है कि फोन करने वाला व्यक्ति अधिकतर मोबाइल नंबर 7398220408 से ही सूचना देता है और इस दौरान वह अपना नाम सरोजनीनगर के फरुर्खाबाद चिल्लावां स्थित सनी टोयोटा के निकट रहने वाला सईद बताता है। अग्निशमन अधिकारी सुमित प्रताप का कहना है कि सरोजनीनगर अग्निशमन केंद्र में सिर्फ तीन दमकल वाहन उपलब्ध हैं। जिसमें से कॉलर की सूचना पर दो वाहन रवाना हो जाते हैं। जबकि तीसरा वाहन वीवीआईपी ड्यूटी एयरपोर्ट व अन्य शांति व्यवस्था ड्यूटी में तैनात रहता है। इस अवधि में अगर कोई वास्तविक घटना हो जाए तो जान माल की क्षति होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा उनका कहना है कि कई बार तो ऐसा हुआ कि फर्जी सूचना की वजह से वीवीआईपी लोगों की ड्युटियां भी प्रभावित हुई हैं। ऐसे में प्रतीत होता है कि फोन करने वाला बहुत ही शातिर है, जिसके आए दिन नए-नए नंबरों से सूचना देने पर सरकारी कार्य में बाधा भी उत्पन्न हो रही है। फिलहाल सरोजनीनगर अग्निशमन अधिकारी सुमित प्रताप सिंह की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दिए गए नंबरों के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## मुख्य सचिव ने आईएफएस अधिकारी अंजू रंजन की पुस्तक शीतल धूप का विमोचन किया

**अमन लेखनी समाचार**




लखनऊः मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सीएसआई राजभवन में आईएफएस अधिकारी अंजु रंजन द्वारा लिखित पुस्तक शीतल धूप का विमोचन किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने आईएफएस अधिकारी अंजू रंजन को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी द्वारा लिखी गई पुस्तक में पुराने परिवेश (गाँव, शहर, देश) को दशार्या गया है। अंजू रंजन आज भी अपनी मिट्टी के साथ जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहानी के माध्यम से अपने शब्दों में क्षमता और आकांक्षा को अभिव्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पुस्तक में सबसे खास बात कि यह बहुत ही सामान्य और सरल भाषा में है। पुस्तक में शीतल धूप, रेशम फिरी, सावित्री, एक जोड़ी चप्पल, शीशम का पेड़, शक्ति स्वरूपा, बार-बार नहीं, लिफाफा, बेवफा, तुम्हारी गुड़िया, भागी हुई लड़की की शादी समेत कई कहानियों का जिक्र किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अनुभव को वही लिख सकता है जो कि अनुभव से स्वयं गुजरा हो। इस दौरान लेखक हिमांशु बाजपेई ने पुस्तक शीतल धूप में लिखी गई कई कहानियों को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव समाज कल्याण हरिओम, प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा, सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री रंजन कुमार, सचिव नियोजन अनुराग यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## यात्री की तबीयत बिगड़ने से विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी से अपना इलाज कराने दिल्ली जा रहे विमान सवार एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ने से गुरुवार को विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बाद में यात्री को कृष्णा नगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में हार्ट अटैक से उसकी मौत होना लग रहा है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस के मुताबिक पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में रहने वाले लीवर की गंभीर बीमारी से परेशान टिपन डे (42) अपने भाई रिपन डे के साथ गुरुवार को जलपाईगुड़ी से इंडिगो एयरलाइंस विमान के जरिए अपना इलाज कराने दिल्ली जा रहे थे। तभी रास्ते में टिपन डे की अचानक हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर विमान के पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट नजदीक होने के कारण लखनऊ एयरपोर्ट के एटीसी से संपर्क कर विमान को चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर उतारने की अनुमति मांगी। कुछ देर में ही एटीसी से विमान उतारने की अनुमति मिलने पर विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर पूर्वाहन करीब 11:30 बजे इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद टिपन डे को एंबुलेंस के जरिए कृष्णा नगर स्थित एक निजी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। लेकिन कुछ देर बाद ही इलाज के दौरान टिपन की मौत हो गई।

## प्लाईवुड फैक्ट्री में रखे रा मैटेरियल में लगी आग



**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। पुरसेनी में स्थित प्रसाद प्लाईवुड फैक्ट्री में रखे रा मैटेरियल में गुरूवार की दोपहर अचानक से आग लग गयी, देखते ही देखते कुछ देर में आग ने विकराल रूप ले लिया।जिसके बाद फैक्ट्री में अफरा तफरी मच गयी? इस दौरान कर्मचारियो ने निजी संसाधनो की मदद से आग बुझाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहें।जिसके बाद पीजीआई फायर स्टेशन पर फोन कर आग लगने की सूचना दी।तब जाकर मौके पहुंची फायर बिग्रेंड की गाड़ियो की मदद से दमकलकर्मियो ने आग पर काबू पाकर पूरी तरह बुझाया।फायर स्टेशन प्रभारी माम बड़ चंद गुर्जर ने बताया प्लाईवुड फैक्ट्री के एक हिस्से में रखे रा मैटेरियल में आग लगी थी, सूचना के बाद फायर बिग्रेंड वाहन के साथ मौके पर पहुंचे कर्मियो ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया।

## भाई व उसकी पत्नी को पीटा, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

निगोहां । दयालपुर मजरा भजनमऊ गांव निवासी दीपक ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते मगंलवार की देर रात बड़े भाई दीपू, दिलीप ने बहनोई सोनु द्विवेदी व उनके रिश्तेदार निवासी डिघौरा जनपद रायबरेली के साथ मिलकर समरसेबिल से पानी भरने को लेकर हुये विवाद के बाद गाली-गालौज कर रहे थे, तो उसने विरोध जताया जिसके बाद उक्त सभी ने लाठी डंडो से उसकी व पत्नी रोली की जमकर पिटाई कर कर घायल कर दिया ओर पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।परिजन घायल दम्पत्ति को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गये, जहां से दोनो को ट्रामा टू रिफर कर दिया गया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी सगे भाईयो समेत चार के विरूद्व मारपीट, जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## संक्षेप

### मानक विहीन संचालित हो रहे हैं निजी अस्पताल

पुरवा, उन्नाव। कस्बे में संचालित लगभग एक दर्जन नर्सिंगहोमो में ज्यादातर नर्सिंगहोम मानक विहीन संचालित हैं।कुछ दिन पूर्व एसीएमओ के निरीक्षण में तीन नर्सिंगहोम बिना पंजीकरण के संचालित मिलने पर उन्हें बंद करा दिया था।विभागीय सांठगांठ से कर धड़ल्ले से नर्सिंगहोम चल रहे हैं।कस्बे में लगभग एक दर्जन नर्सिंगहोम संचालित हैं।एक दो को छोड़कर ज्यादातर बिना मानक के चल रहे हैं।इसके बावजूद भी नर्सिंगहोम विभाग की सांठगांठ से धड़ल्ले से चल रहे है।सभी नर्सिंगहोम बिना मानक के बेकौफ संचालित हैं।सीएमओ के बिना मानक के कोई नर्सिंगहोम संचालित ना होने के निर्देश हवा में उड़ रहे हैं।जिससे नर्सिंगहोम संचालकों के हौसले बुलंद हैं।सीएचसी अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया की मौके पर पहुंचकर जांच की जाएगी।मानक विहीन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, न्यायालय ने भेजा जेल

पुरवा, उन्नाव। गुरुवार सुबह मुखबिर की सूचना पर एसआई अनिल राजपूत दीवान राजेश पाण्डेय कें साथ थाना क्षेत्र कें लालाखेड़ा चौराहे से दुष्कर्म के मामले मे तीन माह से फरार चल रहे आरोपी अजगैन थाना क्षेत्र कें भाडी निवासी रजनीश पुत्र स्व परशादी को पकड़ कर न्यायालय मे पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। बीती 16 फरवरी को रजनीश थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी नाबालिक किशोरी को उसके घर से लेकर भाग गया था। लड़की की माँ की तहरीर पर लड़की को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी बाद मे बयान के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गयी।एसओ रामऔतार ने बताया आरोपी की पकड़कर न्यायालय मे पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया है।

### 27 मई को एक दर्जन दिव्यांगों को प्रमाण पत्र एवं सहायक उपकरण देने का होगा आयोजन

बीघापुर, उन्नाव। क्षेत्र पंचायत सुमेरपुर के एक दर्जन दिव्यांगों को चिन्हित किया गया 27 मई को जनपद मुख्यालय पर प्रमाण पत्र एवं यू डी आई डी एवं अन्य सहायक उपकरण दिए जाने का फैसला किया गया है दिव्यांगजन फाउंडेशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में चयनित दिव्यांग जनों को लाभान्वित किए जाने का निर्णय लिया गया है अध्यक्षता कर रहे श्री कुलदीप सिंह जी ने सभी को प्रेरित करते हुए अपने फाउंडेशन से जोड़ने वी उसे सफल बनाने के लिए जोर दिया उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर बैठकर आयोजित करके दिव्यांग जनों को संगठन में जोड़ने का हमारा प्रयास है एक विशाल संगठन बनाने के लिए हम दृढ़ संकल्पित हैं और इसी तरीके से प्रत्येक ब्लॉक में दिव्यांग जनों को उनको प्रमाण पत्र के साथ-साथ सहायक उपकरणों से भी नवाजा जाएगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जायेगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव के निदेर्शों के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.07.2024 के आयोजन में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु आज दिनांक 23.05.2024 समय सायं 04:30 बजे मनीष निगम अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा केन्द्रीय सभागार में एक बैठक आहूत की गयी जिसकी अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा की गयी जिसमें शिप्रा आर्या, अपर जिला जज/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, भव्या तिवारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार सदर, तहसीलदार सफीपुर, लेखपाल तहसील बीघापुर फाइनेंस कम्पनी के पदाधिकारी व अधिवक्तागण एवं बैंक के पदाधिकारीगण व बी.एस.एन.एल के पदाधिकारी, प्रभारी सम्मन सेल उपस्थित रहें बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के बारे में उपस्थित पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया। तथा लोक अदालत के बारे में बताते हुए कहा कि लोक अदालत के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विवादों को सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण कराये जाने के लिये वैकल्पिक मंच प्रदान करना है। लोक अदालत में उत्तराधिकार से सम्बन्धित सिविल वाद, राजस्व सम्बन्धी वाद, श्रम सम्बन्धी वाद, भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी मामले, आपदा राहत वाद, आयकर वाद, यातायात चालानी वाद, बैंक ऋण वसूली से सम्बंधित वाद, प्री-लिटिगेशन वाद, बैंक रिकवरी, एन0आई0एक्ट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक मामले, नगर निगम/ नगर पालिका अधिनियम, उपभोक्ता फोरम वाद से सम्बन्धि मामले, विद्युत एवं जल कर से सम्बन्धित मामले तथा सभी प्रकार के शमनीय प्रकृति के आपराधिक मामलो का निस्तारण अन्तिम रूप से कराया जा सकता है जिसके विरूद्ध कोई अपील योजित नही होती है तथा लोक अदालत के माध्यम से वादों का शीघ्र निस्तारण हो जाता है। जिससे आम जनमानस को सस्ता व सुलभ न्याय प्राप्त होता है। और यही लोक अदालत के आयोजन का मुख्य उद्देश्य हैं। बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों को आगामी लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु अपना योगदान प्रदान करने हेतु कहा गया तथा प्रभारी सम्मन सेल को अधिक से अधिक नोटिसों की तमिला किये जाने को निर्देशित किया गयो सचिव द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अभी तक दीवानी न्यायालय उन्नाव के लगभग 5376 वाद, परिवार न्यायालय के लगभग 10 वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के लगभग 35 वाद, बैंक रिकवरी के 13940, बी.एस.एन.एल 600 वाद एवं राजस्व सम्बन्धी के लगभग 34000 वाद राष्ट्रीय लोक अदालत 13.07.2024 में निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये हैं

## एफसीआई गोदाम के स्ट्रांग रूम का डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना स्थित वेयरहाउस में बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम पर नजर रखने के लिए सपा कार्यकर्ता भी डेरा डाले हुए हैं। रातों दिन वह नजर रखने के लिए डटे हुए हैं। इसके अलावा जिला निर्वाचन के निर्देश पर कड़े पहरे बीच ईवीएम की सुरक्षा की जा रही है। सुरक्षा में इजाफा किया गया है।स्ट्रांग रूम में छह विधानसभाओं की ईवीएम मतदान कार्मिकों द्वारा जमा कराई गई हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए पीएसी, पुलिस, आइटीबीपी के जवानों को तैनात किया गया है। ईवीएम की सुरक्षा को लेकर एक कंट्रोल रूम वेयरहाउस के चारों तरफ निगरानी के लिए कैमरे लगाए गए हैं। वहीं सुरक्षा की जिम्मेदारी सीओ सिटी सोनम सिंह को प्रभारी बनाया गया है।ईवीएम की सुरक्षा के लिए सपा कार्यकर्ता भी वेयरहाउस के आसपास डटे हैं। स्ट्रांग रूम के आसपास किसी को जाने की अनुमति नहीं दी गई है। बिना अनुमति के किसी को भी स्ट्रांग रूम के आसपास नहीं पहुंचने दिया जा रहा है।बीती देर रात डीएम गौरंग राठी, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा ने दही थाना अन्तर्गत एफसीआई गोदाम में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात फोर्स को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।ईवीएम की सुरक्षा में बारह-बारह घंटे में 38-38 सिपाहियों को सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया है। इसके साथ ही सभी गेटों पर केंद्रीय पुलिस बल को तैनात किया गया है। जिससे सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई चूक ना हो। वही ड्यूटी चेक करने के लिए कुछ इंस्पेक्टर की ड्यूटी लगाई गई है। जो समय-समय पर मौजूद कर्मियों को उपस्थित देख रहे हैं अफसर भी निगरानी बनाए हैं।

## दो लुटेरों को पुलिस किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। थाना सोहरामऊ क्षेत्र के ककरहा पथहरा निवासी श्यामा पत्नी श्यामलाल ने थाना सोहरामऊ में तहरीरी सूचना दी कि बाइक सवार दो अज्ञात युवक मेरे बेटे हरिश्चन्द्र से साइकिल पर टंगे झोले में रखे 50,000 हजार रुपये छीनकर भाग गये । तहरीर के आधार पर थाना सोहरामऊ पर मु0अ0सं0-99/2024 धारा 392 भादवि बनाम मो0सा0 सवार दो व्यक्ति नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया था। थाना सोहरामऊ पुलिस, एसओजी टीम व सर्विलांस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित सचिन नायर पुत्र रविन्द्र नाथ निवासी 10 राणा प्रताप मार्ग मल्लापुर हाथा थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ हाल पता छ-9/387 हसंखेड़ा थाना पारा जनपद लखनऊ मुकेश सोनकर पुत्र बिन्दादीन सोनकर निवासी 5/95 रविदास नगर बजीरहसन रोड थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ को रसूलपुर मोड के पास से लूटे हुये 25,700 रुपये व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोतरी की गई दोनो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## बुद्ध पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर ब्रह्मामुहूर्त से ही श्रद्धालु परियर गंगातट, शुक्लागंज के घाटों पर आस्था की डुबकी लगाकर पूजा अर्चना की। इसी तरह नानामऊ घाट पर भी स्नान किया गया। बक्सर घाट में भी स्नान के लिए लोगों की भीड़ रहीउन्नाव के चलकवंशी के पास स्थित परियर ब्रह्मावर्त गंगा तट पर श्रद्धालुओं ने ब्रम्हमुहूर्त से ही गंगा स्नान कर पूजा अर्चना की और मौके पर मौजूद तीर्थ पुरोहितों को दान दक्षिणा दी। वापस लौटते समय रास्ते में पड़ने वाले बाबा बलखण्डेश्वर महादेव मंदिर व जानकी कुंड आश्रम में मंदिरों में जलाभिषेक कर परिवार की मंगल कामना की।शुक्लागंज में भी आज बुद्ध पूर्णमासी पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान कर श्रद्धालुओं ने दूध, घृत, शहद, अक्षत, रोली, चंदन, पुष्प, सुगंध, धूप, दीप व नैवेद्य आदि समर्पित कर पतित-पावनी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया व उनसे सुख और समृद्धि की कामना की। मिश्रा कालोनी घाट, गंगा बिशुन घाट, शिव बाबा घाट, आनंद घाट, पुल के नीचे बने घाट व चंदन घाट पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भोर पहर से ही श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान प्रारंभ कर दिया था। श्रद्धालुओं ने गंगा के घाटों व तटों पर भगवान सत्य नारायन की कथा सुनी व प्रसाद बांटा। आचार्य सृजध्वज ने बताया कि पूर्णमासी पर गंगा स्नान का बड़ा महत्व है। इस दिन गंगा स्नान करने व दान करने से कोटि-कोटि जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं।

गंगा मेले में हुई खरीददारस्नान के बाद लोगों ने खरीदारी की। महिलाओं व युवतियों ने घाट किनारे सजी दुकानों में खरीदारी की इसके बाद वहां पर लगी चाट आदि की दुकानों में घूम-घूम कर खाने का लुत्फ उठाया। चिमटी, बिंदी की सजी दुकानों में महिलाओं व युवतियों ने एक से एक आइटम खरीदे। इस दौरान दुकानदारों ने हर माल के मनमाफिक पैसे वसूले।

## बुद्ध पूर्णिमा पर उमड़ी गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगाई आस्था की डुबकी

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर बृहस्पति वार को बक्सर गंगा घाट पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कुछ लोगों ने सत्यनारायण भगवान की कथा सुनी व बक्सर घाट में बने मंदिरों में पूजा अर्चना की यह क्रम भोर पहर से लेकर देर शाम तक चलता रहोत्योहारों में गंगा स्नान का विशेष महत्व है और जब बक्सर धाम के प्रसिद्ध एवं पवित्र पावनी मां गंगा में डुबकी लगाने का मौका मिले तो भला धर्मावलंबी उसे जाया क्यों होने दें इसे ही देखते हुए ब्रहस्पतिवार को चंद्रिका देवी मंदिर बक्सर घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ विशेष रूप से देखने को मिली स्नानार्थी महिलाओं की विशेष भीड़ उमड़ी हुई थी। खास बात यह भी है कि बुद्ध पूर्णिमा भी है, सो श्रद्धालु महिलाओं ने गंगा स्नान के पश्चात काफी संख्या में सामूहिक रूप से बैठकर पंडितों के मुख से सत्यनारायण भगवान की कथा भी सुनी और प्रसाद भी वितरित किया गंगा स्नान का क्रम भोर पहर से लेकर देर शाम तक चलता रहा।

## घरेलू कलह से त्रस्त युवक ने लगाई थी आग, मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर कट्टर गांव के रहने वाले युवक ने बुधवार सुबह घरेलू कलह के चलते खुद पर डीजल डालकर आग लगा लिया था जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया था। सीएचसी बांगरमऊ से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों ने उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान बुधवार देर शाम उसकी मौत हो गई। देर रात शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। युवक की मौत से परिजन रो रोकर आहत होते रहे।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर कट्टर गांव के रहने वाले विमल सिंह 36 पुत्र मुन्नू सिंह ने घरेलू कलह से आहत होकर बुधवार सुबह घर में सिंचाई के लिए रखा डीजल खुद पर डालकर आग लगा लिया था। झुलसे युवक को स्वजन ने बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल कर दिया था। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। हालांकि परिजन उसे लेकर लखनऊ ट्रामा सेंटर पहुंचे। जहां देर शाम इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। उसके बाद परिजन देर रात शव गांव लेकर पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। दिवंगत विमल की 5 साल पहले शादी हुई थी। युवक की मौत से पत्नी, दो बेटियां व दो बेटे रो रोकर आहत है। पिता की असामयिक मौत से चारों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। तीन भाइयों में दिवंगत बड़ा था। दो अविवाहित छोटे भाई हैं।

## सड़क हादसे में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के हसनापुर गांव के पास मंगलवार शाम अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से बाइक सवार युवक के जख्मी होने पर इलाज दौरान मौत हो गई। मौत की खबर परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सोहरामऊ थाना क्षेत्र के रतौली गांव के रहने वाले जयराम का पैंतालीस वर्षीय बेटा रघुनाथ रावत मंगलवार शाम बाइक से घर आ रहा था। इसी दरम्यान हसनापुर गांव के पास अज्ञात वाहन के बाइक में टक्कर मारने से रघुनाथ जख्मी हो गया था। घायल का परिजन अस्पताल में इलाज करवा रहे थे। बुधवार देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन शव को घर लाने के बाद सोहरामऊ पुलिस को सूचना दी। जानकारी पर पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गुरुवार दोपहर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मचा रहा।

## बड़े वाहनों के गुजरने से नवीन पुल हो रहा है जर्जर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शुक्लागंज से कानपुर आने जाने के लिए नवीन पुल ही एक मात्र साधन है। तीन साल पहले पुराना यातायात पुल बंद हो जाने से रोजाना पीक ऑवर में नवीन पुल पर भीषण जाम लग रहा है। वहीं कानपुर पुलिस निजी हितों के चलते मध्य रात्रि से भोर पहर तक धड़ल्ले से ओवरलोड ट्रक, डंपरों व रोडवेज बसों को नवीन पुल से गुजार रही है। नवीन पुल पर एक बड़ा गड्ढा बना हुआ है। जो भारी वाहनों के निकलने से दिनों दिन बड़ा होता जा रहा है। हालांकि क ई बाइक सवार चोटहिल भी हो चुके हैं।

नवीन पुल से हल्के वाहनों के निकलने की अनुमति है, इसके बावजूद कानपुर की ओर से रोजाना मध्य रात्रि से लेकर भोर पहर के बीच कानपुर पुलिस अपनी निजी हितों को देखते हुए ट्रक, डंपर, रोडवेज बसों के अलावा अन्य भारी वाहनों को नवीन पुल से गुजार रही है। जिसका कई बार सोशल मीडिया पर वीडियो भी वॉयरल हो चुका है। इसके बावजूद कानपुर और उन्नाव के जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि नवीन पुल पर एक साल से एक बड़ा गड्ढा बना हुआ है। जिसे कई बार पीडब्ल्यूडी ने भरवाया है लेकिन भारी वाहनों के निकलने से गड्ढा दिनों दिन बड़ा होता जा रहा है। भारी वाहनों के निकलने से पुल कमजोर भी हो सकता है। जिससे आने वाले दिनों में शुक्लागंज वासियों को कानपुर आने जाने के लिये भी परेशानी उठानी पड़ सकती है। वहीं सुबह से लेकर देर रात तक ई बसें भी नवीन पुल से निकल रही हैं। ऐसे में पुल कमजोर हो सकता है।

## निर्माणाधीन पुलिस चौकी लटकी अधर में

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। थाना बिहार सर्किल व पुरवा सर्किल सीमा पर प्रस्तावित चौकी का निर्माण कार्य पिछले कई वर्षों से अधर में लटका पड़ा है। बिहार से मौरावां मार्ग पर सड़क के किनारे गाँव कम होने से अपराधियों के लिए ये रोड हमेशा से मुफीद साबित हुई है।गौरतलब है प्रस्तावित चौकी थाना बिहार से मौरावां मार्ग पर 07 किलोमीटर दूर मलौना चौराहे पर बननी थी। करीब 5 वर्ष पूर्व थाना प्रभारी रहे विकास पांडेय की देखरेख में चौकी का निर्माण कार्य शुरू भी हो गया था। चौकी स्थल पर पिलर डाल के बीम भी पड़ गयी थी लेकिन थाना प्रभारी विकास पांडेय का प्रमोशन एसीपी कानपुर हो जाने से तबादला हो गया जिसके कारण चौकी का कार्य अधर में लटक गया। जिस जगह चौकी बन रही थी उससे कुछ दूर पर रायबरेली सीमा भी प्रारंभ होती है। बिहार थाना क्षेत्र का विस्तार अधिक होने से व पुलिस स्टाफ की कमी होने से अपराध पर अंकुश लगाना पुलिस के लिए कठिन हो गया है। इस अधर में लटकी चौकी का निर्माण कार्य पूरा करा यदि प्रशासन गंभीरता से ले ले तो निश्चित ही अपराध पर लगाम लगाई जा सकती है।

## संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटका मिला ट्रक चालक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर कुर्मियान गांव के रहने वाले ट्रक चालक का शव गुरुवार सुबह संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर कमरे में फंदे पर लटका मिला। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक बीमारी से परेशान होने पर घटना को अंजाम दे डाला है। अचलगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर कुर्मियान गांव के रहने वाले राम मोहन का तैंतीस वर्षीय बेटा पवन कुमार ट्रक चालक था। स्वजन के मुताबिक आठ दिन पहले पिता राम मोहन की मौत हो गई थी। पिता के मौत की खबर मिलने पर भी पवन घर नहीं आया था। दो दिन पहले ही वह गांव आया था। गुरुवार सुबह घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में फंदे पर पवन का शव लटकता देख परिजनों के होश उड़ गए। युवक की मौत को लेकर घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे नेवरना चौकी प्रभारी विनय यादव ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चौकी प्रभारी विनय यादव के मुताबिक दिवंगत के चाचा शिव मोहन के कोई संतान नहीं थी। जिससे वह चाचा के पास ही रहता बेटे रो रोकर बेहाल होते रहे। चाचा ने पुलिस में तहरीर देकर बीमारी से परेशान होने पर खुदकुशी किए जाने की बात कही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ बागरमऊ मार्ग हसनापुर गांव के पास साइकिल से बाग की रखवाली करने जा रहे। वृद्ध को अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए बागरमऊ की तरफ भाग गया गंभीर घायल अवस्था में पुलिस सीएचसी लेकर गई जहा डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।कोतवाली क्षेत्र छित्तेपुर गांव निवासी मैकू 70 वर्ष रैदाससाइकिल से शाम साढ़े चार बजे घर से एक किलो मीटर दूर हसनापुर गांव के पास आम के बाग की रखवाली करने जा रहे थे तभी लखनऊ बागरमऊ मार्ग हसनापुर गांव के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए मियागंज की तरफ भाग गया।टक्कर लगने से वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया जहा डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।मृतक के चार बेटे बड़ा बेटा राजवीर, संतोष , शिव कुमार, नीरज रैदास सहित पत्नी मैकी का रो रो कर बुराहाल है।कोतवाली प्रभारी चंद्र कांत मिश्र ने बताया कि मृतक के परिजनों ने अभी तक किसी प्रकार की तहरीर नही दी है।तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

## दबंगो ने युवक को बेल्टों से जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के गदन खेड़ा बाईपास पर कुछ दबंगों ने एक युवक को मामूली बात पर बेल्टों से जमकर पीटा। दबंग के द्वारा की गई मारपीट का किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद मामले को पुलिस ने संज्ञान में लिया है।सदर कोतवाली क्षेत्र के ललाऊ खेड़ा चौकी के अंतर्गत लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे के पास स्थित एक बार के बाहर देर रात चार दबंग युवकों ने एक युवक को पहले जमकर मारा पीटा। इस बात का जब उसने विरोध किया तो दबंग ने बेल्टों से उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे उसे गंभीर चोट भी आई। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।इसके बाद दबंग अपनी-अपनी बाइक उठाकर मौके से भाग निकले। पूरी घटना का एक वीडियो सामने आया है। 25 सेकेंड के वायरल वीडियो में दबंगों ने युवक को 20 से अधिक बार बेल्टों से पीटा है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है। दबंग कहां के थे कौन थे इसकी जानकारी के लिए आसपास के सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## श्याम महोत्सव का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित नेहरू नगर के सामने शुक्लागंज नरेश श्री श्याम बाबा की ओर से श्याम महोत्सव का आयोजन हुआ। जहां पूरे रात भजन गायकों ने समां बांध दी। जिसे सुन वहां मौजूद लोग झूमने लगे। समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

श्याम बाबा के आगमन के छह वर्ष पूरे होने पर राजधानी मार्ग स्थित नेहरू नगर के सामने रात श्री श्याम महोत्सव का आयोजन हुआ। जहां पूरी रात श्याम प्रेमी भजनों में झूमते रहे। आयुष सोनवानी ने बाबा यह नैया कैसे डगमग डोली जाए बिन मांझी तू ही पर लगाए। शुभम रंगीला ने भटकते भटकते प्रभु में तो हारा मुझको लगा ले अपनी चरण चाकरी में मुझे तू लगा ले भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अभिषेक शुक्ला ने अपनी प्रस्तुति देते हुए खाटू वाले श्याम धनी की चर्चा हो गयी, शीश के दानी महाबलवानी खाटू वाले श्याम तेरा जयकारा है। उन्होंने दोहा, चौपाई व छन्द की व्याख्या की। कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने बहुत ही सुंदर शब्दों का प्रयोग अपनी लेखनी में किया। श्याम भजन गायकों ने भजन से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुनाया-बांके बिहारी कजरारे तेरे नयन, विपिन सलोना ने कुछ यूं सुनाया-श्याम तेरे भरोसे मेरा परिवार है, श्याम केडिया ने सुनाया-श्याम देने वाले हैं, हम लेने वाले हैं, वृंदावन के कुंज बिहारी ने अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग किया।इस अवसर पर सवा मनी प्रसाद का भोग लगाया। विष्णु मिश्रा ब्रज रसिक ने भजनों के साथ कई भजनों की प्रस्तुति दी साथ ही भजनों के माध्यम से भक्तों का मन मोह लिया। इसके अलावा अनुज अलबेला, किरन गुप्ता, हरीश शुक्ला ने भी अपने गीत प्रस्तुत किये।अयोजक अभिलाषा मिश्रा, मनोज मिश्रा के अलावा अनिल दीक्षित, प्रमोद बाजपेई, राजेश बाजपेई, कीर्ती बाजपेई, दुर्गा सिंह, गोविंद तिवारी, अतुल मिश्रा, आशीष आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# पांचवें चरण में भी कम मतदान चिंता का सबब

लोकसभा के पांचवें चरण का मतदान भी शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। सब तक सभी चरण के मतदान आंशिक झड़प व हिंसा को छोड़ कर शांतिपूर्ण हुए हैं। पांचवें चरण में आठ राज्यों की 49 लोकसभा सीटों पर वोटिंग हुई है। 543 लोकसभा सीटों में चौथे फेज तक 380 सीटों पर मतदान हुआ था। आज की 49 सीटों को मिलाकर कुल 429 सीटों पर मतदान पूरा हो चुका है। बाकी 2 चरणों में 114 सीटों पर वोटिंग होनी अभी बाकी है। इस बार लोकसभा चुनाव की सबसे बड़ी चिंता कम मतदान को लेकर है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, पहले चरण के मतदान के दौरान 66.14 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि 2019 में इस चरण की सीट पर 69.43 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि 2019 में दूसरे चरण में 69.64 फीसदी वोटिंग हुई थी। तीसरे चरण में 65.68 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि 2019 में यह 68.4 प्रतिशत था। चौथेचरण में 2019 की तुलना में ढाई प्रतिशत अधिक मतदान है। पांचवें चरण में शाम पांच बजे तक 57.35 फीसदी मतदान हुआ है। सबसे अधिक लद्दाख व पश्चिम बंगाल में तो सबसे कम मतदान महाराष्ट्र में हुआ है। आजकल प्रचंड गर्मी पड़ रही है, यह एक कारण कम मतदान का हो सकता है, पर इसके दूसरे कारण भी हो सकते हैं। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनेक बार लोगों से मतदान पर्व में बढ़चढ़ कर शिरकत करने के लिए अपील कर चुके हैं। इस बार उन्होंने कम मतदान के लिए कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन पर चुनाव प्रचार सही से नहीं करने का राजनीतिक आरोप लगाया है। भाजपा ने पार्टी के स्तर पर देश भर में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जोरशोर से अभियान चलाया है। विपक्ष के नेता भी लगातार लोगों से मतदान करने के लिए अपील करते रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता, बॉलीवुड हस्तियां, स्टार खिलाड़ी आदि भी लोगों से मतदान में हिस्सा लेने की अपील करते रहे हैं। इसके बावजूद पांचवें चरण के आते आते मतदान प्रतिशत में अपेक्षित इजाफा नहीं हुआ। पिछले चार चरण तक के मतदान वर्ष 2019 की तुलना में करीब चार फीसदी कम हुए हैं। पांचवें चरण के मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े जब आएंगे, तब आंकड़े जरूर बढ़ेंगे, हो सकता है वह 65 फीसदी तक चले जाएं, इसके बावजूद ये आंकड़े कम ही कहलाएंगे। लोकतंत्र के इस महापर्व में 75 फीसदी से ऊपर मतदान आदर्श रूप में होना चाहिए, लेकिन कई वर्षों से ऐसा नहीं हो रहा है। मतदान के प्रति रुझान में कमी आना हमारे लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है, इसके लिए हमारे राजनीतिक दल भी जिम्मेदार हैं। सत्ता की लड़ाई में राजनीतिक दलों की कार्यशैली, नेताओं की विश्वसनीयता और सरकार में आने के बाद उत्पादकता में इतनी गिरावट आ चुकी है कि, जनता का भरोसा दलों व नेताओं पर लगातार कम होता गया है। यह क्षीण जारी है। इसलिए लोग मतदान के प्रति उदासीन होते गए हैं। सरकार का प्रर्दशन, ईवीएम को लेकर पैदा किए गए भ्रम, सामाजिक व सांप्रदायिक विभाजन, जातिगत दूरियां आदि अनेक फैक्टर हैं, जिसने वोटरों में मतदान के प्रति रुचि कम की है। देश में नब्बे करोड़ से अधिक मतदाता हैं, इसमें कम से कम 75 से 78 प्रतिशत लोग तो मतदान करें। दो तिहाई से अधिक मतदान हो।



# जनसंख्या वृद्धि को करें नियंत्रित

मुस्लिम आबादी
डा. अश्विनी महाजन

पीएमईएसी की रिपोर्ट के अनुसार, 1950 से लेकर 2015 तक कुल जनसंख्या में बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि मुस्लिम आबादी की हिस्सेदारी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कई अन्य देशों में भी, जहां बहुसंख्यक आबादी गैर-मुस्लिम थी, उसकी हिस्सेदारी में कमी आई है और अल्पसंख्यक आबादी जो मुस्लिम है, की हिस्सेदारी बढ़ी है। पाकिस्तान और बांग्लादेश में जहां मुस्लिम खुद बहुसंख्यक हैं, उनकी आबादी भी बढ़ी है। तो सवाल अल्पसंख्यकों की आबादी बढ़ने का नहीं, बल्कि दुनिया में मुस्लिम आबादी बढ़ने का है, जिसका असर अधिकांश देशों में देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) द्वारा हाल ही में जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार, 1950 से लेकर 2015 तक कुल जनसंख्या में बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि मुस्लिम आबादी की हिस्सेदारी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कई अन्य देशों में भी, जहां बहुसंख्यक आबादी गैर-मुस्लिम थी, उसकी हिस्सेदारी में कमी आई है और अल्पसंख्यक आबादी जो मुस्लिम है, की हिस्सेदारी बढ़ी है। यह प्रवृत्ति म्यांमार और नेपाल में भी देखी गई। पाकिस्तान और बांग्लादेश में जहां मुस्लिम खुद बहुसंख्यक हैं, उनकी हिस्सेदारी भी बढ़ी है। तो सवाल अल्पसंख्यकों की आबादी बढ़ने का नहीं, बल्कि दुनिया में मुस्लिम आबादी बढ़ने का है, जिसका असर यूरोप समेत अधिकांश देशों में देखा जा रहा है।

अगर बात सिर्फ भारत की करें तो जहां 1950 में हिंदुओं की आबादी का हिस्सा 84.68 प्रतिशत था, वो 2015 तक घटकर सिर्फ 78.06 प्रतिशत रह गया, जबकि इसी दौरान मुस्लिम आबादी का हिस्सा 1950 में 9.84 प्रतिशत से बढ़कर 2015 में 14.09 प्रतिशत हो गया। गौरतलब है कि भारत की कुल जनसंख्या 1951 में 36.1 करोड़ से बढ़कर 2015 में 132.29 करोड़ हो गई और इसी तरह हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई समेत सभी समुदायों की आबादी में भी बढ़ोतरी हुई है। लेकिन ख़ास बात यह है कि मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर अन्य सभी जातीय समूहों से ज्यादा रही है। जबकि, हिंदू आबादी 1951 में 30.57 करोड़ से बढ़कर 2001 में 82.75 करोड़ हुई (यानि 2.0 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर ); मुस्लिम आबादी 3.55 करोड़ से बढ़कर 13.8 करोड़ हो गई (2.75 प्रतिशत की भारी वार्षिक वृद्धि दर ); सिखों की जनसंख्या 0.69 करोड़ से बढ़कर 1.94 करोड़ हो गई और ईसाइयों की जनसंख्या 0.83 करोड़ से बढ़कर 2.41 करोड़ हो गई, यानि 50 वर्षों में क्रमशः 2.09 प्रतिशत और 2.15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर। कुछ लोगों का तर्क है कि पिछले दो दशकों में मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि की गति धीमी हो गई है। हालांकि, यह सच है कि 2001 से 2015 के बीच विभिन्न जातीय समूहों की जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आई है; लेकिन मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि अभी भी अन्य धार्मिक समूहों से बहुत आगे है। हम देखते हैं कि वर्ष 2001 और 1015 के बीच हिंदुओं, मुसलमानों, सिखों और ईसाइयों की जनसंख्या वृद्धि दर क्रमशः 1.61, 2.17, 1.68 और 1.82 रही।

इस रिपोर्ट से सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में यह नैरेटिव फैलाया जा रहा है कि भारत में अल्पसंख्यकों, खास तौर पर मुसलमानों को दबाया और सताया जाता है, लेकिन आंकड़े इस नैरेटिव को पूरी तरह से नकारते हैं।

**भारत की जनसांख्यिकी में सामान्य परिवर्तन :** भारत में 1951 में कुल प्रजनन दर 5.9 थी, जो 1981 में घटकर 4.80 और 2011 में 2.56 हो गई। हाल ही में आए आंकड़ों के अनुसार, 2024 में भारत में कुल प्रजनन दर 2.12 तक पहुंच गई है। जनसांख्यिकी सिद्धांत के अनुसार,



जब किसी देश की कुल प्रजनन दर 2.1 से नीचे गिरती है, तो उस देश की जनसंख्या कुछ समय बाद घटने लगती है। इसलिए प्रजनन दर का 2.12 तक पहुंचना जनसंख्या के लिए खतरे की घंटी है। पिछले कुछ समय से भारत में कुल प्रजनन दर में लगातार गिरावट के कारण अब यह स्पष्ट होता जा रहा है कि हम ऐसी स्थिति में पहुंच चुके हैं, जहां से कुछ समय बाद वास्तविक जनसंख्या में कमी आनी शुरू हो जाएगी। गौरतलब है कि चीन में ऐसी स्थिति पहले ही आ चुकी है। यूरोप के कई देश भी इसी स्थिति से गुजर रहे हैं। अफ्रीका के बाद भारत भी उन चंद देशों में शामिल है, जहां जनसंख्या में वृद्धि हो रही है, लेकिन अब भारत में भी जनसंख्या में कमी आने की आशंका जताई जा रही है। लेकिन ऐसे में पीएमईएसी की रिपोर्ट यह भी संकेत देती है कि भले ही आने वाले समय में कुल जनसंख्या में कमी आएगी, लेकिन उसमें भी हिंदुओं की जनसंख्या, जो पहले से ही आनुपातिक रूप से कम हो रही है, इसमें निरपेक्ष रूप में भी कमी होनी शुरू हो सकती है, जबकि मुस्लिम जनसंख्या में वृद्धि जारी रहेगी। हम कह सकते हैं कि हिंदू जनसंख्या के नुकसान की भरपाई मुस्लिम जनसंख्या में वृद्धि से होगी।

**शिक्षित वर्ग की जनसंख्या में गिरावट की संभावना :** जनगणना और अन्य रिपोर्टों से पता चलता है कि निरक्षर और कम शिक्षित महिलाओं में कुल प्रजनन दर 2011 में 3.17 रही। लेकिन स्नातक या उससे ऊपर की महिलाओं में प्रजनन दर जो 1991 में 1.62 थी, 2011 में घटकर 1.40 रह गई और अभी भी इसमें और गिरावट की पूरी संभावना है। इसी तरह, स्नातक से कम शिक्षित अन्य महिलाओं में भी प्रजनन दर अपेक्षाकृत कम होती है।

यदि हम शिक्षा के मामले में विभिन्न धार्मिक समूहों की तुलना करें, तो यह स्पष्ट है कि मुस्लिम समुदाय अभी भी हिंदुओं की तुलना में कहीं अधिक पिछड़ा हुआ है और इसलिए संभावना है कि मुस्लिम आबादी में वृद्धि जारी रहेगी, जबकि हिंदू आबादी में गिरावट आ सकती है। उल्लेखनीय है कि 2001 की जनगणना के अनुसार, हिंदुओं में साक्षरता दर 65.8 प्रतिशत थी, जबकि मुसलमानों में यह केवल 59.1 प्रतिशत थी। अगर हम उच्च शिक्षा की बात करें तो हम देखते हैं कि 2001 में 18 से 25 वर्ष की आयु वर्ग में मुस्लिम समुदाय में स्नातक और अधिक शिक्षित लोगों की संख्या केवल 6.7 प्रतिशत थी, जबकि हिंदुओं में यह 12.5 प्रतिशत थी। शिक्षा और कुल प्रजनन दर के बीच संबंधों को देखते हुए, हम सहज रूप से कह सकते हैं कि कम शिक्षित मुस्लिम महिलाएं अधिक बच्चों को जन्म देती हैं, जबकि अधिक शिक्षित महिलाओं में प्रजनन दर कम होती है। मुस्लिम आबादी में वृद्धि और हिंदू आबादी में कमी को हिंदुओं और मुसलमानों के बीच शिक्षा के स्तर में अंतर से भी समझाया जा सकता है।

**संतुलन कैसे लाया जाए? :** हमने देखा है कि आर्थिक समृद्धि, शैक्षिक विकास और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ, जन्म दर, मृत्यु दर और जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि दर सभी में कमी आ रही है। सबसे पहले, मुस्लिम आबादी को शैक्षिक रूप से उन्नत करने की आवश्यकता है। इससे कुल प्रजनन दर को कम करने में मदद मिल सकती है। दूसरा, सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए राजकोषीय प्रोत्साहन का उपयोग कर सकते हैं। तीसरा, पिछले कुछ समय से जनसंख्या नीति पर बहस चल रही है। जनसंख्या संतुलन प्राप्त करने और आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक मानकों के दृष्टिकोण से भविष्य की जनसंख्या को उन्नत करने के लिए जनसंख्या नीति महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। परिवार को सीमित करने हेतु कुछ क़ानूनी प्रावधान भी इस दिशा में समाधान दे सकते हैं।

## जमीनी हालात
आर.के. सिन्हा



# पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा पर प्रदर्शन दोहराने का दबाव

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुँचती हैं वहाँ की जानता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनावों में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है , तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पार्टी को पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है। चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहाँ भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है। पूर्वोत्तर की "सेवन सिस्टर्स" या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21 सीटें मिलीं थीं। भाजपा अब की बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है।

अभी तक इंडिया गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनावों में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं, तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं। पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह-प्रभारी डॉ. संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन-प्रतिदिन की मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मज़बूत ही किया है । मणिपुर में हालांकि केवल 2 लोकसभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहाँ के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है, क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एकतरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देन ही मानी जाती है। इस दशकों पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृह मंत्री अमित शाह कर भी रहे हैं। हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था। पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई। अब नजरें इस चुनाव पर हैं।

# संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित
दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए।

# आइसक्रीम की एक डिश



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया । उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए । हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रील्स न बने परेशानी का कारण

दुनिया में डिजिटल दौर चल रहा है। अब लोग सोशल मीडिया का प्रयोग भी खूब कर रहे हैं। सोशल मीडिया मनोरंजन के साथ-साथ जानकारियों का भी बहुत बढ़िया जरिया है, लेकिन कुछ लोग इसे अपनी मशहूरी पाने के लिए भी प्रयोग करते हैं और इस पर अपनी तरह-तरह और विचित्र तरह की सेल्फी और पोस्ट डालते हैं। आजकल रील्स का ट्रेंड चल रहा है और इसमें लगभग हर उम्र के लोग शामिल हैं। लोग अपने दोस्तों और दूसरे लोगों को दिखाने के लिए रील्स बनाकर सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर शेयर कर रहे हैं। कुछ तो जान को जोखिम में डाल कर और कुछ अपनी इज्जत को भी दांव पर लगाकर रील्स बना रहे हैं। महिलाएं और लड़कियां भी इस मामले में पीछे नहीं है। रील्स जान पर भारी न पड़े, इसके लिए सरकार, प्रशासन और समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए। *-महेश पाठक, अंबिकापुर*

## ट्रेंड

### बढ़चढ़ कर करें मतदान



महिला और युवा मतदाताओं से मेरी यह विशेष अपील है कि वे लोकतंत्र के इस महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। सभी मतदाताओं से मेरा अनुरोध है कि वे अपना वोट जरूर डालें और मतदान का एक नया रिकॉर्ड बनाएं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भारत ईरान की जनता संग



हेलीकॉप्टर दुर्घटना में ईरान के राष्ट्रपति डॉ इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री एच अमीर-अब्दुल्लैया के निधन की खबर सुनकर अत्यंत दुखी हूं। उनके परिवारों के प्रति हमारी शोक-संवेदनाएं। हम इस दुख की घड़ी में ईरान की जनता के साथ खड़े हैं। -एस जयशंकर, विदेश मंत्री

### बेहतर जीवन



दूरदराज के समुदायों तक कनेक्टिविटी लाने से शिक्षा और आर्थिक अवसरों तक पहुंच में मौलिक सुधार होता है। आज सभी सुविधाएं आनलाइन हो गई है। जिसके कारण कनेक्टिविटी से ही आम जनमानस के जीवन में न केवल सुधार हो सकता है बल्कि जीवन भी बेहतर हो सकता है।
-एलन मास्क, उद्योगपति

### उत्सव की तरह



भैयाजी और भाभीजी ने वोट दे दिया। आप सभी से निवेदन है कि मतदान करें और अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करें। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव उत्सव की तरह हैं।
-मनोज वाजपेयी, अभिनेता

## करंट अफेयर

# एचआईवी पीड़ित महिलाएं करा सकती हैं स्तनपान

अमेरिका के बाल रोग विशेषज्ञों के समूह ने सोमवार को आमूल-चूल नीतिगत बदलाव करते हुए कहा कि एचआईवी से संक्रमित महिलाएं अपने बच्चों को स्तनपान करा सकती हैं बशर्तें उनके द्वारा ली जा रही दवा से एड्स का कारण बनने वाला विषाणु निष्प्रभावी हो गया है। अमेरिकी बाल रोग विशेषज्ञ अकादमी ने नयी रिपोर्ट में 1980 के दशक में एचआईवी महामारी के दौरान की गई अनुशंसा को बदल दिया है। कोलोरोडो विश्वविद्यालय में बाल एचआईवी विशेषज्ञ और शोधपत्र की प्रमुख लेखिका डॉ.लीजा अबुओगी ने कहा कि यह स्वीकार किया गया है कि नियमित रूप से ली जाने वाली दवा स्तनपान के जरिये



## ऑफ बीट

# कैंसर के टीकों के लिए बढ़ती वैश्विक उम्मीद

विशेष प्रकार के त्वचा कैंसर और फेफड़ों के कैंसर के लिए तीन टीकों के नैदानिक परीक्षणों (क्लिनिकल ट्रायल) का अंतिम चरण चल रहा है।



कैंसर का इलाज लंबे समय से एक सपना रहा है। वैश्विक बीमारियों के मामले में हृदय संबंधी बीमारियों के बाद कैंसर दूसरे स्थान पर है। हालांकि अभी तक कोई जादुई गोली नहीं दिख रही है, लेकिन विशेष प्रकार के त्वचा और फेफड़ों के कैंसर के लिए तीन टीके हाल के महीनों में नैदानिक परीक्षणों के अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। अगर सफलता मिली तो ये टीके अगले तीन से 11 वर्षों में रोगियों के लिए उपलब्ध हो जाएंगे।

## संक्षेप

### बांदा में कृषि विभाग के कर्मचारी की मौत

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में चुनाव ड्यूटी में तैनात कृषि विभाग के कर्मचारी की अचानक हालत बिगड़ गई। बूथ पर मौजूद अन्य कर्मचारी व अधिकारी आनन फानन में गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल लेकर गए। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृत्यु के बाद परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिवार में कोहरा मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने हीट स्ट्रोक के चलते मौत होने की आशंका जताई है। फिलहाल सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आपको बता दें कि जनपद में पांचवें चरण के मतदान को लेकर कृषि विभाग के कर्मचारी रघुवर दयाल (57) की तिंदवारी में मतदान बूथ पर ड्यूटी लगाई गई थी। ड्यूटी के दौरान अचानक रघुवर दयाल की हालत बिगड़ गई। वहीं पर वो बेहोशी हालत में गिर गए। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने रघुवर दयाल को आनन-फानन में बांदा जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहरा मच गया। वहीं मौके पर पहुंचे परिजनों ने यह आशंका जताई है कि भीषण गर्मी में हीट स्ट्रोक के चलते उनकी मौत हो गई। फिलहाल सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। डॉक्टर विनीत सचान ने बताया की एक व्यक्ति रघुवर दयाल (57) को लाया था। उसे भर्ती करा लिया गया था लेकिन थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई थी। वहीं परिजनों ने बताया की उसको बीपी और शुगर की बीमारी थी। शव को मोर्चरी में रख दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अमरोहा में हार्ट-अटैक से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनपुर, अमरोहा में फेरी करने वाले युवक की हार्ट-अटैक से मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई किए शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। मामला हसनपुर इलाके का है। यहां मोहल्ला कुरैशियान निवासी शाहनवाज कुरैशी फेरी लगाकर साड़ियों को बेचता था। सोमवार की रात शाहनवाज कुरैशी को हार्ट अटैक आ गया। परिजनों के द्वारा उसे एक निजी चिकित्सक के पास भर्ती कराया गया, लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे उपचार के लिए दिल्ली ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में शाहनवाज (32) की मौत हो गई। शाहनवाज की मौत से परिजनों का रो-रो रोकर बुरा हाल है। शाहनवाज की मौत की खबर सुनते ही घर पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने बताया कि परिवार में एक बेटी और पत्नी है। गमजदा माहौल में बिना कानूनी कार्रवाई के परिजनों ने शाहनवाज के जनाजे का सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

# चुनाव प्रचार का शोर थमा, 25 को होगा मतदान

## प्रचार के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी ने समर्थकों के साथ डोर टू डोर किया जनसम्पर्क

**भाजपा-सपा की सीधी लड़ाई, बसपा तीसरे नंबर के लिए कर रही जद्दोजहद**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच/श्रावस्ती। श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी साकेत मिश्रा ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन लोकसभा क्षेत्र के तमाम गाँवो, कस्बों एवं नगरों में पद यात्रा कर मतदाताओं से अपने पक्ष में शतप्रतिशत मतदान करने का आवाहन किया। आयोजित मतदाता संवाद पदयात्रा कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के प्रतिनिधि भी शामिल रहे और आम-जन से घर-घर संवाद स्थापित कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया गया। श्रावस्ती लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिवस भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा ने लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गैसड़ी, तुलसीपुर, बलरामपुर, इकौना, गिलौला, सिरसिया, बदला चौराहा, मल्हीपुर आदि स्थानों पर संगठन के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ पदयात्रा कर मतदाताओं से प्रत्यक्ष सवांद स्थापित किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यक्रमों से उन्हें अवगत करवाया तथा लोकसभा क्षेत्र श्रावस्ती के चौमुखी विकास का वायदा किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रमुख सचिव उत्तरप्रदेश शासन डॉ० ओमप्रकाश ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति जनजाति के मतदाताओं से घर-घर सम्पर्क स्थापित कर भाजपा प्रत्याशी को शत प्रतिशत मतदान का आग्रह किया गया है। राजभर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राणा विजय भार शिव ने भी गुरुवार को स्वजातीय मतदाताओं से संपर्क स्थापित कर भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान का आग्रह किया।

*श्रावस्ती संगठन प्रत्याशी द्वारा आयोजित मतदाता सम्पर्क अभियान में पर्यावरण विद नमामि गंगे संयोजक राकेश चंद्र श्रीवास्तव, महामना मालवीय मिशन उपाध्यक्ष डॉ० कपिल शुक्ला, रूल ऑफ लॉ सोसायटी अध्यक्ष (अवध) क्षेत्र संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट, मतदाता जागरूकता मंच संयोजक पण्डित शिव कुमार शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी सदन तिवारी एडवोकेट, समाजसेवी कमलेश मिश्रा, संगठक अनिल मिश्रा, रविंद्र मिश्र, सुरेश मिश्र, मनोज जायसवाल समेत सैंकड़ो लोग शामिल रहे।*

# भारत विकास परिषद ने स्वर्गधाम सेवा समिति को सौंपा डेड बॉडी फ्रीजर

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। भारत विकास परिषद व स्वर्गधाम सेवा समिति के वरिष्ठ संरक्षक शीतल प्रसाद अग्रवाल का समाज सेवा के प्रति सदा से ही करुणा भाव रहा है और उसी के फलस्वरूप समाज में डेड बॉडी फ्रीजर की आवश्यकता की जानकारी जनपद में समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भारत विकास परिषद के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ बैठक रखा जिसे एक मत और हृदय तल से सभी सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की और आश्वस्त किया कि आगे भविष्य में समाज के प्रति जो भी आवश्यकता हो वह भी परिषद् के सभी सदस्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। इस पर परिषद के द्वारा एक और समाजसेवा के क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुऐ शवों के रखरखाव की आवश्कता को ध्यान में रखते हुऐ स्वर्गधाम सेवा समिति के संरक्षक शीतल प्रसाद अग्रवाल एवम् अध्यक्ष अजय ड्रोलिया को एक डेड बाडी फ्रीजर प्रदान किया गया जिससे शवों के रखरखाव की असुविधा दूर होगी। डेड बॉडी फ्रीजर प्राप्त कर भारत विकास परिषद व स्वर्गधाम सेवा समिति के संरक्षक, अध्यक्ष एवम् सदस्यों के द्वारा भारत विकास परिषद के इस सेवा भाव कार्य के लिए धन्यवाद दिया। इस पुण्य कार्य में परिषद के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, सचिव सत्येंद्र निगम कोषाध्यक्ष प्रखर मित्तल, संयोजक जयप्रकाश सक्सेना, पूर्व उपाध्यक्ष बैजनाथ रस्तोगी, पूर्व सचिव रितेश रस्तोगी, अतुल गुप्ता, शैलेन्द्र गुप्ता, शिव राम यगसैनी, सत्य प्रकाश जयसवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# गन्ने की फसल में हो चोटी बेधक कीट का प्रकोप तो किसान करे वैज्ञानिक तरीके से इसका प्रबंधनः संजीव राठी

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर व कैसरगंज ब्लॉक क्षेत्र गाँवो में पारले मिल के मुख्य गन्ना प्रबन्धक संजीव राठी द्वारा आयोजित हुई किसान गोष्ठी में किसानों को गन्ना सम्बंधित जानकारी दी गई। आयोजित गोष्ठी में मुख्य गन्ना प्रबन्धक संजीव राठी ने बताया इस समय मिल क्षेत्र के कुछ प्लाटो में चोटी बेधक कीट का प्रकोप दिखाई दे रहा है। यह पेड़ी -पौधा दोनों ही फसल में लगता है। इस कीट का प्रकोप गन्ने में कल्ला निकलने की अवस्था से पकने तक होता है। इसकी सुंडी गन्ने की मध्य गोभ में लिपटी पतियों में छिद्रकर अंदर प्रवेश करती है और जब पत्तिया खुलती है तो कतार में छर्रे छिद्रित दिखाई देते है। जब इस कीट का प्रकोप कल्ले निकलने की अवस्था में होता है तो गोभ की मध्य कलिका सुख जाती है, जिसे मृत कलिका कहते है।

जो खींचने पर आसानी से बहार नहीं निकलती है। यदि इस कीट का प्रकोप गन्ना बनने के समय होता है तो बीच की गोभ सुख जाती है। गन्ने की बढ़वार रुक जाती है। गोभ के निचे की आँखो में फुटाव हो जाता है और गोभ गुच्छेदार दिखाई देती है जिसे बंची टॉप कहते है। इसलिए टॉप बोरर का समय पर नियंत्रण बहुत जरुरी है। इस दौरान मुख्य गन्ना प्रबंधक संजीव राठी

के द्वारा गन्ना सर्वे भी चेक किया गया। इस अवसर पर पारले के अन्य अधिकारी रुचिन, अतुल, अलोक और अखंड, नीरज भी मौजूद रहे।

# 150 बोतल नेपाली शराब के साथ एक महिला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बहराइच-क के सीमा चौकी रूपैडिहा के कमांडेंट के निर्देशन में कार्मिक तथा उ०प्र० पुलिस के साथ संयुक्त गश्त के दौरान सीमा स्तम्भ संख्या 651/02 से 100 मीटर भारतीय क्षेत्र में एक लड़की जो सिर पर बोरी में कुछ सामान रख कर नेपाल से भारत की तरफ आ रही थी। अचानक गश्त दल को देखते ही वह लौटकर नेपाल की तरफ जाने लगी। शक के आधार पर गश्त दल के द्वारा मौके पर उसको रोका गया। पूछ-ताछ किया गया तो संभावित अभियुक्त ने घबराते हुए अपना नाम खुशबू उम्र 20 वर्ष पिता सुरेश निवासी पुरानी बाजार बाबागंज, रुपैडिहा बताया। युवती ने बताया कि बोरी में 150 बोतल कणार्ली सोफी नेपाली शराब है, जो नेपाल से कम दामो में खरीद कर अपने स्थानीय गाँव में अधिक दामो में बेच कर कुछ रुपए कमाती हूं जो मेरे जीविकोपार्जन का सहारा है। बरामद 150 बोतल कणार्ली सोफी नेपाली शराब एवं अभियुक्त युवती को सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार के निदेशो का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया तथा सभी आवश्यक औपचारिकता विधिवत रूप से पूर्ण करने के उपरांत रूपईडीहा पुलिस के हवाले किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, परिजनों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के चरदा निवासी शांति देवी(19) का विवाह 7-8 माह पूर्व हुआ था। बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत हो गयी। विवाहिता की मौत के बाद से परिजनो में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची रूपईडीहा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतका के पति सत्यम श्रीवास्तव उर्फ दद्दन पुत्र राजेश श्रीवास्तव नें बताया कि पति-पत्नी में कोई विवाद नहीं था और न कभी नोक झोक भी नहीं हुआ है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रुपैडिहा शमशेर बहादुर सिंह ने बताया है कि मृतका के चाचा ने तहरीर दिया है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर सम्बन्धित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# पारले चीनी मिल के टीन शेड की मरम्मत करते समय मजदूर की गिरकर मौत



अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थानान्तर्गत पारले चीनी मिल परसेण्डी में एक मजदूर की टीन शेड लगाने के दौरान बेल्ट टूटने से गिर कर मौत हो गयी है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पारले चीनी मिल परसंडी में गुरुवार को मिल के टीन शेड की रिपेयरिंग चल रही थी। मिल के टीन शेड की रिपेयरिंग का ठेका ग्लोबल एसोसिएट कंपनी उत्तराखंड ने ले रखा है। उसी के तहत मजदूर काम कर रहे थे। इसी बीच मजदूर रत्नेश विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी थाना हाटा जनपद कुशीनगर की रिपेयरिंग करते समय अचानक शरीर से बंधी बेल्ट टूट गयी जिससे वह नीचे गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना उसके परिवार के लोगों को दे दी गई है।

# किसान की ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे दबकर मौत

**❍ गोबर की खाद भरकर खेत में जा रहा था डालने, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, मिल्कीपुर के थाना खण्डासा क्षेत्र के अमानीगंज मिल्कीपुर रोड़ स्थित भक्तिन का पुरवा गांव के पास गोबर की खाद लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से ट्रैक्टर चालक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने जेसीबी की मदद से किसी तरीके से ड्राइवर को बाहर निकाल कर उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डाक्टरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धरौली के पूरे अयोध्या दुबे गांव निवासी राजेश यादव पुत्र दीनानाथ 35 वर्ष अपनी ट्राली ट्रैक्टर में गोबर की खाद भरकर सोमवार की देर रात भक्तिन के पुरवा के पास खेत में डालने ले जा रहे थे। रोड़ से चक मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली उतारते समय अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसके नीचे किसान ट्रैक्टर चालक दब गया। हादसे की जानकारी होने पर पहुंचे लोगों ने आनन-फानन में जेसीबी की सहायता से चालक को बाहर निकाल और सीएचसी मिल्कीपुर ले गए। जहां पर चिकित्सक मनोज वर्मा ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक खेती किसानी के साथ-साथ टेंट का व्यवसाय करता था उसके एक बेटा और चार छोटी-छोटी बेटियां हैं। घटना के बाद भी परिजनों सहित गांव में कोहराम मच हुआ है।

# अयोध्या में ई रिक्शा चालकों की मनमानी से लोग परेशान

## रामपथ पर लगता है भीषण जाम, पैदल यात्रियों को सड़क पार करने में बना रहता खतरा

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, अयोध्या में ई रिक्शा की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। रामपथ समेत शहर के प्रमुख चौराहों पर ई रिक्शा का मनमाने ढंग से संचालन किया जा रहा है। इसकी वजह से लोगों को जाम से जूझना पड़ा है। रामपथ पर एक लेन में इसके ही तीन लेन दिखाई पड़ रहे हैं। बिना लाइट और हार्न के सड़कों पर तेजी से दौड़ रहे वाहनों ने ट्रैफिक व्यवस्था को बिगाड़ रखा है। अयोध्या जिले के करीब 5 हजार से ज्यादा ई रिक्शा अयोध्या धाम में चल रहे हैं। एक हजार से ज्यादा ई रिक्शा दूसरे जिलों से आवागमन कर रहे हैं। यात्री और पैसे की होड़ में यह किसी भी नियम का पालन नहीं कर रहे हैं।पुलिस खुद इनसे परेशान है।अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा का कहना है कि ई रिक्शा वालों को बुलाकर उनकी मीटिंग की जाएगी।इसके बाद भी मनमानी नहीं रुकी तो कार्यवाही की जाएगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान इस समस्या से निपटने के लिए जनवरी माह के दौरान रामपथ को ई रिक्शा मुक्त करने की बात सामने आई थी।इस पर अमल अब तक नहीं हो सका है।हालत यह है कि नयाघाट पर लता चौक से लेकर राम की पैड़ी के गेट तक ई रिक्शा मनमाने ढंग से खड़े हो रहे हैं। अयोध्या के सबसे व्यस्त तम मोड श्रृंगारहाट तिराहा और पुलिस चूकी तो यहां से लेकर रामजन्मभूमि पथ के सामने तक इनके मनमाने संचालन से यातायात चरमरा उठता है। हालत यह होता है कि रामजन्मभूमि पथ के सामने भक्तों को रास्ता पार करने के लिए जान जोखिम में डालना पड़ रहा है।इसके अलावा जानकी महल मार्ग, पंजाब नेशनल मार्ग, अशर्फी भवन से टेढ़ीबाजार मार्ग, धर्म पथ पर इनका मनमाना संचालन अयोध्या की यातायात व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। रामलला का दर्शन करने इंदौर से अयोध्या आईं रामभक्त श्रुति अग्रवाल ने कहा कि अब अयोध्या बेहद सुंदर हो चुकी है। बड़ी संख्या में लोग अयोध्या और राम मंदिर देखना चाहते हैं। ई रिक्शा सबसे सहज और सरल व्यवस्था है पर उसकी मनमानी रामनगरी की भव्यता को बिगाड़ रही है। नियम सबके लिए है।इनको भी यातायात नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए।

# अमरोहा में पेड़ से लटका मिला बुजुर्ग का शव

**❍ घर वालों ने हत्या करके शव लटकाने का लगाया आरोप, सुबह ग्रामीणों ने देखा तो हुई जानकारी**

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा के डिडौली कोतवाली इलाके में एक बुजुर्ग का शव पेड़ से लटका मिला। ग्रामीण जब सुबह उधर से गुजरे तो मामले की जानकारी हुई। उधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे बुजुर्ग के परिजनों ने हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया है। फिलहाल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है। पूरा मामला अमरोहा के डिडौली कोतवाली इलाके के गांव इकौंदा का है। यहां गांव निवासी 60 वर्षीय एक बुजुर्ग इस्लाम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार सुबह बुजुर्ग का शव गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। उधर मौके पर पहुंचे परिजनों ने बुजुर्ग की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है। मामले में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पंकज तोमर ने बताया कि पेड़ पर लटके मिले बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा गया है।

# अमरोहा में बार बालाओं का डांस

## लोगों ने उड़ाए पैसे, पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया केस

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा के डिडौली कोतवाली इलाके में बार बालाओं का अश्लील डांस कराने और उन पर पैसे उड़ाने के मामले में पुलिस ने एक्शन लिया है। थाना पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। दरअसल एक दिन पहले सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें बार बालाओं से डांस कराने के साथ-साथ उन पर पैसे उड़ाए जा रहे थे। आपको बता दें कि अमरोहा के डिडौली कोतवाली इलाके में एक दिन पहले सोशल मीडिया पर बार बालाओं का डांस और उन पर पैसे उड़ाने का एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो की तत्काल डिडौली थाना पुलिस ने पड़ताल की तो पता चला कि वायरल वीडियो गांव नूरी का ही है। चार दिन पुराना है। साथ ही शादी के दौरान का है। मामले में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पंकज तोमर ने बताया कि बार बालाओं से डांस कराने और उन पर पैसे उड़ाने के मामले में गांव मुबारकपुर नूरी निवासी हासम, खिलाफत और परवेज के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बांदा में डॉक्टर ने शव की लिखीं जांचे

**❍ बाहर से सीटी स्कैन और ब्लड जांच कराने को कहा, हंगामा होने पर फाड़ी पर्ची, जांच को टीम गठित**

अमन लेखनी समाचार




बांदा, बांदा के जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने मृतक के शव की ही जांच कराने को बोल दिया, जबकि उसकी मौत हो चुकी थी। मिलने वाले कमीशन के चक्कर में बाहर की जांचे लिख दीं। एक बार मरीज का अच्छे से स्वास्थ्य परीक्षण भी नहीं किया। जांचे लिखे जाने के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया और सीएमओ से कार्रवाई की मांग करने लगे। मामला बढ़ता देख सीएमओ ने टीम गठित कर जांच के आदेश दिए हैं। बांदा के गड़रियन पुरवा अंश दुबरिया निवासी भोला पाल (80) की घर में अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजन तुरंत लेकर अस्पताल के ट्रामा सेन्टर पहुंचे, जहां पर ड्यूटी में तैनात सविंदा डॉक्टर अभिनव प्रणायामि को दिखाया। डॉक्टर ने मरीज को देखकर पर्चे में सीटी स्कैन और ब्लड जांच लिख दी। इस बात पर परिजन डॉक्टर के ऊपर नाराज हो गए। वहीं, भोला पाल के बेटे सुरेश पाल का कहना है कि उनके पिता की मौत पहले ही हो चुकी है, लेकिन उसके बाद भी डॉक्टर ने जांच लिख दी है। ट्रामा सेन्टर में हंगामा होता देख डॉक्टर ने उनसे जांच लिखा पर्चा लेकर फाड़कर फेंक दिया। ट्रामा सेंटर में हंगामे की जानकारी मिलने पर सीएमओ अनिल कुमार और सीएमएस आरके गुप्ता पहुंचे। सुरेश पाल ने सीएमओ और सीएमएस को लिखित शिकायत दी है।

सीएमओ ने संविदा डॉक्टर को ड्यूटी से हटा दिया। सीएमओ अनिल कुमार श्रीवास ने बताया की मामले को संज्ञान में लिया गया है और जांच टीम गठित कर दी गई है तीन दिन में रिपोर्ट आने की बात कही है।

# संक्षेप

## 250 छात्रों को बांटा गाया पठन पाठन सामग्री एंव यूनिफॉर्म

### महाप्रबंधक पंकज मेंदीरत्ता बोले- बच्चे देश के हैं भविष्य, शिक्षा है पहली प्राथमिकता

बभनी, सोनभद्र के बभनी में एनटीपीसी रिहंद नगर बीजपुर के मुख्य महाप्रबंधक पंकज मेंदीरत्ता ने बिरसा मुंडा विद्यापीठ सेवाकुंज कारीडांड चपकी में पढ़ रहे 250 छात्रों को पठन पाठन सामग्री और यूनिफॉर्म वितरण किया। जिससे सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिलते नजर आए। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा संबद्ध सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज आश्रम कारीडांड चपकी में संचालित बिरसा मुंडा विद्यापीठ में अध्ययन कर रहे 250 वनवासी बच्चों को नैगम सामाजिक दायित्व के तहत ड्रेस, स्कूल बैग, जूता मोजा, कापी, किताब व अन्य पठन पाठन सामग्री वितरित किया। एनटीपीसी रिहंद के मुख्य महाप्रबंधक पंकज मेंदीरत्ता ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। साथ ही कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ें आगे बढ़े और देश की सेवा करें। हर बच्चा अच्छे पद पर कार्यरत हो मेरी शुभकामनाएं है। क्षेत्र सह संगठन मंत्री आनंद ने एनटीपीसी रिहंद नगर से आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर महाप्रबंधक एडीएम सुधांशु शेखर प्रधान, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन बृज किशोर पांडेय, जिला पंचायत सदस्य पूनम विश्वकर्मा, कृष्ण गोपाल, रामप्रकाश, रामकुमार, अमरदेव सहित सैकड़ों अभिभावक मौजूद रहे।

## खेत में काम कर रहे लोगों पर तेंदुए का हमला

### बलरामपुर में 8 साल के बच्चे समेत तीन घायल, वन विभाग की टीम ने लगाया पिंजरा

बलरामपुर, बलरामपुर में सोमवार को खेत में काम कर रहे लोगो पर तेंदुआ ने हमला कर दिया। हमले में 8 साल के बच्चे समेत 3 लोग घायल हो गए। मामला बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर के ग्राम जगदीशपुर कठौवा का है। जगदीशपुर कठौवा निवासी राजेंद्र ने बताया कि आज कुछ लोग खेत में काम कर रहे थे। गन्ने के खेत से निकल कर तेंदुआ ने हमला कर दिया। इसमें उसका 8 वर्षीय बेटा मनोज कनौजिया, 28 साल के मनीष त्रिपाठी पुत्र चोटकऊ, 30 साल के राजू भारती पुत्र हरिचरन घायल हो गए। वहीं शोर सुनकर तेंदुआ गन्ने के खेत में चला गया।

घायल को प्राथमिक उपचार के लिए तुलसीपुर में भर्ती कराया। वन प्रभागीय अधिकारी एम सेम्मरान ने बताया कि वन विभाग की टीम ने लोगों की सुरक्षा को देखते हुए तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। साथ ही ट्रैकिंग कैमरा लगाया है, जिससे तेंदुआ पर नजर रखी जा रही है। वहीं 3 वन विभाग के कर्मी तैनात किए गए। वन विभाग ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा है, आप लोग घर से बाहर न लेटें। अकेले बाहर न जाएं। खेत में समूह में काम करें। रात के समय उजाला का प्रयोग करें।

# विकास कार्यो लेकर अनदेखी लोकसभा चुनाव के मतदान का करेंगे बहिष्कार

## आठ सौ आबादी वाले राजस्व गांव में सड़क,पुलिया नाली के लिए महफूज है ग्रामीण

**ग्रामीण जनप्रतिनिधियों के उदासीनता को दे रहे दोष**

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर ।सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत भरसाड़ टोला तेलियाड़ीह के ग्रामीणों का क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ गुस्सा वृहस्पतिवार को चरम पर देखा गया। सैकड़ों की संख्या में एकजुट ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि जिस तरह सरकार के जनप्रतिनिधियों ने गांव के विकास में रुचि न लेते हुए उदासीनता दिखाई है। आगामी 1 जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान का वहिष्कार करेगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है की बाढ़ के समय में पूरा गांव मैरुंड हो जाता है। लोगो को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गांव में आने जाने के लिए शुद्ध रास्ता नही है। जल निकासी की कोई व्यवस्था न होने से जल जमाव बना रहता है। जल निकासी के लिए पुलिया निर्माण कराने के लिए जनप्रतिनिधियों से कहा गया लेकिन कुछ भी नही किया गया। सरकार किसी भी पार्टी की रही हो जो भी जनप्रतिनिधि गांव में पहुंचा वह विकास कराने के नाम पर केवल कोरा आश्वासन देते रहे। और विकास कार्य शून्य रहा। ग्रामीणों ने नारा दिया है कि विकास नहीं तो वोट नहीं ।मतदान वहिष्कार करने वालो में हरीराम, उमायन, दीनानाथ, कमला, श्रवण, वीरेंद्र, कमलेश, भोला, नियामत अली, राम हरख, अमर सिंह, रमापति, सलहंत, झीनक रोहित सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल है।

# दबंग प्रधान की धौंस से डरे गांव के लोग

**दबंगई मनबढ़ई के बदौलत सरकारी भूमि पर कब्जा कर शुरू किया अवैध निर्माण**

**सजनापार के ग्राम प्रधान पर खलिहान की भूमि पर कब्जा करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत भगवानपुर के राजस्व ग्राम सजनापार के ग्राम प्रधान विजयनाथ चौधरी के ऊपर सरकारी भूमि खलिहान को अवैध तरीके से कब्जा कर अवैध निर्माण कराने पर ग्रामीणों ने किया विरोध वही शिकायतकर्ता उपेंद्र राज ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा हमारे नंबर की भूमि पर जबरन अवैध निर्माण कराया जा रहा है। जिसका विरोध करने पर प्रधान मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। ग्राम प्रधान द्वारा खलिहान के भूमि को अवमुक्त कराना गांव हित में बेहतर जरुरी है। जब हमारी सुनवाई कहीं नहीं हुई तो हमने भी प्रधान द्वारा किए गए सरकारी खलिहान की भूमि पर अवैध निर्माण की सूचना सहजनवां तहसीलदार को शिकायत पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। तहसीलदार द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए हल्का लेखपाल वरुण सिंह को मौके पर भेज कर प्रधान द्वारा कराए जा रहे अवैध निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है। इस बाबत सहजनवा तहसीलदार राकेश कुमार कनौजिया से बातचीत की गई उन्होंने कहा चुनाव की ड्यूटी में व्यस्तता चल रही है खाली होने पर इस मामले को संज्ञान में लेकर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी

# अर्द्धसैनिक बल व पुलिस के जवानों ने निकला फ्लैग मार्च



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव को देखते हुए भयमुक्त मतदान करने के लिए गुरुवार को थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने पुलिस बल व अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ हरपुर , कटसहरा आनंदपुर बुदहट सहित अन्य चौराहों पर फ्लैग मार्च किया गया ।इस दौरान चौकी इंचार्ज राहुल दूबे, उपनिरीक्षक प्रवीण सिंह, आलोक कुमार सिंह, सुधाकर यादव , सद्दाम, अच्युतानंद राय सहित अर्द्धसैनिक बल व पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ता पर हमला के मामले में एक नामजद तथा एक दर्जन अज्ञात सपा कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज

- प्रधानमंत्री के कट आउट पर बांध दिया था सपा का झंडा
- भाजपा कार्यालय में घुस कर किया गया था जानलेवा हमला

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के जैतपुर स्थित भाजपा कार्यालय में बुधवार को अपराह्न 1 बजे सपा कार्यकताओं ने घुसकर भाजपा कार्यालय प्रभारी पर जानलेवा हमला किया था। तथा प्रधानमंत्री के कट आउट पर सपा का झंडा बांध रखा था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद तथा एक दर्जन अज्ञात सपा कार्यकताओं के खिलाफ केस दर्ज किया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के जैतपुर निवासी राजन सिंह पुत्र चंदगी सिंह जो भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता है। और कार्यालय का प्रभारी है। बुधवार को दोपहर में भाजपा कार्यालय पर मौजूद थे। वही सियर में सपा प्रत्याशी की सभा थी। सपा कार्यकर्ता स्वागत के लिए खड़े थे। उसी दौरान विज्यनाथ यादव निवासी सियर करीब एक दर्जन सपा कार्यकताओं के साथ भाजपा कार्यालय में घुस आया। और जानलेवा हमला बोल दिया। और गला दबा कर जान मारने की कोशिश किया। और पीएम के कट आउट पर सपा का झंडा बांधकर चप्पल से मारने लगा था। पुलिस ने आरोपी विजयनाथ यादव पुत्र स्व निर्मल यादव निवासी सियर थाना खजनी तथा एक दर्जन अज्ञात सपा कार्यकताओं के खिलाफ, हत्या के प्रयास, बलवा, कार्यालय में घुसकर मारपीट, तथा जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है

# मेरठ में पेड़ पर लटका मिला बैंक मित्र का शव

### रहागीरों ने दी सूचना, टीम ने जांच के बाद शव को पीएम के लिए भेजा

अमन लेखनी समाचार



मवाना, मेरठ के मवाना थाना क्षेत्र की ढिकौली रोड निवासी युवक का शव रात हस्तिनापुर रोड स्थित श्री शिव मंदिर बाबा मोहन राम परिसर में पेड से फंदे के सहारे लटकता मिला। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दे शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मामला हत्या का है या आत्महत्या का, पुलिस इसकी गुत्थी सुलझाने में जुट गई है। बता दे कि थाना क्षेत्र की ढिकौली रोड निवासी 30 वर्षीय अरूण शर्मा पुत्र अशोक शर्मा हस्तिनापुर स्थित पंजाब नेशलन बैंक में बैंक मित्र के पद पर कार्यरत है। रविवार रात्रि लगभग 9 बजे रहागीरों ने मवाना थाना पुसिल को श्री शिव मंदिर बाबा मोहन राम परिसर एक अज्ञात शव लटे होने की सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव की शिनाख्त अरूण शर्मा पुत्र अशोक शर्मा के रूप में कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# पति-पत्नी करते थे हेरोइन की तस्करी पुलिस ने किया गिरफ्तार

- 102 ग्राम हेरोइन तस्करों से हुआ बरामद, कार्रवाई कर भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र , सोनभद्र के अनपरा थाने के डिबुलगंज क्षेत्र स्थित मनरहवा गांव निवासी पति-पत्नी हेरोइन तस्करों को राबर्ट्सगंज पुलिस एवं एसओजी टीम ने 102 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। साथ ही पुलिस ने कार्रवाई कर जेल भेज दिया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोनभद्र पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह द्वारा मादक पदार्थ तस्करी करने वाले तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में राबर्ट्सगंज पुलिस एवं एस ओजी टीम ने बरैला महादेव मंदिर के पास से दो हेरोइन तस्करों जो रिश्ते में पति-पत्नी हैं उनको गिरफ्तार कर लिया। दोनों तस्करों के पास से 102 ग्राम हेरोइन और 27600 रुपए नकदी इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन बरामद किया। पुलिस पूछताछ में बताया की मादक पदार्थ हेरोइन बाराबंकी से उन्हें बंटी पुत्र अवधेश एवं राजा पुत्र सत्यनारायण दोनों निव जैत ग्राम थाना राबर्ट्सगंज सोनभद्र मुहैया कराते थे। पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

# पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर 8 लाख ठगे

## मेरठ में रुपए मांगने पहुंचे परिवार को जान से मारने मिली धमकी, सीओ से शिकायत

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के गंगानगर थाना क्षेत्र में एक परिवार से यूपी पुलिस में बेटी की नौकरी लगवाने के नाम पर 8 लाख रुपए की ठगी कर ली। नौकरी न लगने पर पीड़ित परिवार आरोपी से अपने रुपए मांगने पहुंचा तो आरोपी ने परिवार के मुखिया को जान से मारने की धमकी दे डाली इसके बाद पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत सीओ से कर कार्यवाही की मांग की है। मामला संज्ञान में आने पर को ने पीड़ित परिवार को आरोपी पर सख्त कार्यवाही का आश्वासन दिया है। गंगानगर के रहने वाले अमन सिंह ने सोमवार शाम को सीओ सदर देहात के ऑफिस पहुंचकर बताया कि गंगा नगर के रहने वाले अरुण मिश्रा नाम के एक युवक ने उसकी बेटी की नौकरी उत्तरप्रदेश पुलिस में लगवाने के नाम पर उनसे आठ लाख रुपए लिए थे। पीड़ित परिवार ने बताया कि आरोपी अरुण ने यूपी पुलिस सहित अन्य विभागों में नौकरी के नाम पर काफी लोगों से लाखों रुपए लिए हुए है। शाम को गंगानगर के रहने वाले अमन, योगेश, देव नागर, डॉक्टर सुनील मालिक, सीओ सदर देहात के पास पहुंचे और बताया कि अरुण नाम का युवक एक बड़ा ठग है। उसने करीब 20 लोगों से उनके बच्चों की यूपी पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर रुपए लिए। पीड़ित लोगों का कहना है कि जब बच्चों की नौकरी नहीं लगी तो वह आरोपी के पास अपने रुपए मांगने पहुंचे इस दौरान आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दे डाली। वहीं शिकायतकर्ता योगेश ने बताया कि आरोपी ने उनके बेटे की उत्तर प्रदेश जेल पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर तीन लाख रुपए का चूना लगाया है। शिकायत करने सीओ के पास पहुंचे लोगों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ जिले के अन्य थानों में पहले भी ठगी के मुकदमे दर्ज हैं। योगेश ने सीओ को बताया कि आरोपी ने कुछ समय पूर्व एक चर्चित अस्पताल के मैनेजर से भी 12 लाख रुपए ठग लिए थे मैनेजर ने आरोपी के खिलाफ मेडिकल थाने में मुकदमा कराया था। लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो चुकी है, जिससे आरोपी के हौसले बुलंद है। और वह ठगी की घटनाओं को लगातार अंजाम दे रहा है। वहीं मामला संज्ञान में आने पर सीओ सदर देहात ने आरोपी पर सख्त कार्यवाही की बात कही है।

**ठगी** पीड़ितों की शिकायत पर फर्जी अधिकारी गिरफ्तार, टीबी से मृतकों के परिजनों को बनाया टारगेट

# ब्लॉक का फील्ड अफसर बनकर की लाखों की ठगी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, टीबी से मृत लोगों के परिजनों को आर्थिक सहायता के नाम पर ठगने वाले फर्जी ब्लॉक फील्ड ऑफिसर को सोनभद्र पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए फर्जी अधिकारी के खिलाफ म्योरपुर और दुद्धी थाने में महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई थी। पकड़ा गया फर्जी अधिकारी राजेन्द्र पटेल पुत्र ईश्वर प्रसाद, पेटराही थाना शाहगंज का रहने वाला है। पुलिस ने उसे सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया है। म्योरपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि दुद्धी तहसील के जामपानी और दुम्हान गांव की एक-एक महिला ने एक व्यक्ति द्वारा घर में टीबी से मृत परिजन की मौत पर आर्थिक सहायता के नाम पर रुपए ठग लिया। अब वह न पैसा वापस कर रहा है और जो प्रलोभन दिया था वो पैसा दिलवा रहा है। एक महिला ने दुद्धी थाने में और एक ने म्योरपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर कार्रवाई करते हुए व्यक्ति को पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि राजेंद्र पटेल पुत्र ईश्वर को पकड़ने के लिए पीड़ित से बाकी के रुपए देने के लिए बुलाया गया। जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। मामले में नामजद आरोपी राजेन्द्र पटेल पुत्र ईश्वर प्रसाद निवासी पेटराही थाना शाहगंज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। म्योरपुर थाने पर जामपानी गांव की रहने वाली फूलमती देवी ने तहरीर देते हुए बताया कि कुछ दिन पहले उसके पति रामखेलावा की टीबी से मृत्यु हुई थी। 27 अप्रैल को एक व्यक्ति घर आया और बोला की वह चोपन ब्लॉक का फील्ड ऑफिसर है और यह चेक करने आया है। टीबी से मरने वालों को जो सहायता सरकार से मिलती है, वो मिली या नहीं। इस पर हमने कहा हमें नहीं मिली है। तो उसने बताया कि 5 लाख 65 हजार रुपए आए हैं। फूलमती देवी ने कहा कि इसके बाद वह हमारा फोन नंबर लेकर चला गया। बोला कि हम फोन करेंगे तब आइयेगा। इसके बाद कई बार चोपन ब्लॉक बुलाकर आधार कार्ड की कॉपी, बैंक पासबुक ले लिया। इस दौरान 5 लाख रुपए दिलवाने के एवज में पहले 50 हजार फिर 20 हजार और फिर खर्चे के नाम पर 500 रुपए और अलग से ले लिया। हमें कई दिनों तक दौड़ता रहा और जब पैसा नहीं मिला, तो हमने पुलिस को इस बारे में बताया। दुद्धी थाना क्षेत्र के दुम्हान गांव की आशा देवी को भी शिकार बनाया गया। 20 मार्च 2024 को गांव के ही रहने वाले रामजन्म ने घर आकर बताया कि आपके पति मृतक अखिलेश के नाम पर 5 लाख 65 हजार के चेक आया है। चोपन से सर ने फोन करके बताया है। तभी किसी का फोन उसके फोन पर आया जिसने मुझसे बात की और कहा कि तुम्हारे पति के नाम से चेक आया है। उसके बाद मुझे चोपन बुलाया गया। आशा देवी ने बताया कि उसके बाद हमने कई बार चोपन जाकर उस व्यक्ति को 30 हजार 500 रुपए दिए। उसके बाद उसने कहा कि अब रुपए आप के घर पहुंच जाएंगे। लेकिन उसने कुछ दिन बाद दोबारा 10 हजार रुपए की मांग की।

# सोनभद्र में ट्रेन की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

- हिन्दुआरी के पास हुआ हादसा, शव की शिनाख्त कराने में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र, सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के हिन्दुआरी के पास रेलवे लाइन पर देर रात ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। सुबह जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस काफी देर तक शव की पहचान कराने में जुटी रही। लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के मोर्चरी अगला लेख हाउस में 72 घंटे के लिए पहचान के लिए रखवा दिया है। हिन्दुआरी चौकी इंचार्ज बृजेश पांडेय ने बताया कि सुबह करीब सात बजे कुछ ग्रामीणों की तरफ से पता चला कि हिन्दुआरी के पास ओवरब्रिज के नीचे रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव पड़ा है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई।

बताया कि मृतक की उम्र 55 वर्ष के करीब है। उसका सिर धड़ से अलग हो गया था। मृतक कुर्ता- पैजामा पहना हुआ था। रात में किसी ट्रेन की चपेट में आकर मौत हुई है। शव की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

# दो सौ लीटर का वाटर कूलर की स्थापना नगर के समाज सेवी द्वारा किया संचालित



अमन लेखनी समाचार

डाला सोनभद्र। नगर के समाजसेवी द्वारा प्रचंड गर्मी को देखते हुए स्थानियो एवं राहगीरो को पेयजल की समस्या से निजात दिलाने हेतु दो सौ लीटर वाले वाटर कूलर की स्थापना कर सुविधा प्रदान किया है। गुरूवार को डाला नगर के समाज सेवी राज कुमार जैन एवं इश्वर चन्द जैन ने विधिवत पूजन कर वाटर कूलर की स्थापना कर आम नागरिकों व राहगीरों हेतु सुविधा उपलब्ध करवाई गई

वहीं मुख्य अतिथि डाला सीमेन्ट फैक्ट्री के मानव संसाधन प्रमुख संजीव राजपूत एवं विशिष्ट अतिथि एड़मिन हेड़ सुरक्षा एवं प्रशासन बन्ने सिंह राठौर ने नारियल तोड किया गया मुख्य अतिथि ने कहा कि यह वाटर कूलर इस प्रचंड गर्मी में नगरवासियो समेत राहगीरो के लिए जीवनदायनी साबित होगा।जिसकी लोगो को बहुत ही आवश्यकता थी।उन्होने समाज सेवी राज कुमार जैन के इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद के साथ और प्रशंसा की डाला ब्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन ने कहा कि दो सौ लीटर का यह वाटर कूलर केवल पानी ही नहीं,यह शुद्ध एवं शीतल पेयजल भी प्रदान करेगा जो इस प्रचंड गर्मी में इसका लाभ सभी लोग उठा सकेगें।यह वाटर कूलर डाला बाजार के बीचो बीच पुलिस चौकी के समीप हनुमान मंदिर के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग के किनारे लगा है।जिसका लाभ दूर-दराज आने जाने वाले यात्री भी ले सकेगें इस अवसर पर दिनेश जैन,संजय मित्तल,मंगल जायसवाल,रिशु जायसवाल, अरूण सिंह,अन्नू गुप्ता सर्वेश पटेल विकास जैन गुड्डू पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट। औद्योगिक संस्थान बिड़ला कार्बन इंडिया लिमिटेड के सीएसआर विभाग एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में कंपनी परिसर के लर्निंग सेंटर हॉल में गुरुवार को स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 52 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रक्त जांच एवं दवा वितरण किया गया। कंपनी के ईआर हेड मांजरेकर पांडेय ने चिकित्सकों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। चिकित्सा शिविर में ईएसआई कार्ड धारक 52 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में आये कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय के डॉ ऋषिमणि त्रिपाठी ने कैंप में आए लोगों को आधुनिक जीवन शैली से पैदा होने वाली खतरनाक बीमारियों से बचने और स्वस्थ रहने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई, उन्होंने ईएसआईसी स्कीम के तहत विभिन्न प्रकार के लाभ के बारे में भी बीमांकितों को अवगत कराया। शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी जांच भी की गई और उन्हें स्वस्थ रहने के बारे में सलाह दी गई। इस दौरान डॉ ओंकार यादव, डॉ ब्रजेश मौर्य, डॉ प्रशांत गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# हर्ष उल्लास के साथ बुद्ध पूर्णिमा का उत्सव मनाया



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। नगर स्थित कुशवाहा भवन पर विश्व गुरु तथागत गौतम बुद्ध के बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर समाज के सभी लोगों ने एक साथ मिलकर हर्ष उल्लास के साथबुद्ध पूर्णिमा उत्सव मनाया इस अवसर परभंते आनंद प्रकाश ने त्रिशरण पंचशील बुद्ध वंदना कराई तथागत की प्रतिमा के सामने दीपक प्रज्वलित कर लोक कल्याण की मंगल कामना की गई पंकज कुशवाहा ने त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा की सभी लोगों को शुभकामनाएं दी अरुण जी ने त्रिविध पावनी को विस्तार पूर्वक इसके बारे में लोगों को बताया डॉ संजय कुमार सिंह बताया कि महात्मा बुद्ध ने पूरे विश्व को मानवता करुणा शील शांति प्रेम अहिंसा दया अप दीपो भव का संदेश दिया आप प्रकृति धम्म के अन्वेषक मानवता के संवाहक महान दार्शनिक वैज्ञानिक चिकित्सक पर्यावरणविद तर्कशास्त्री अर्थ शास्त्री समाज शास्त्री थे सारी बातो का विश्लेषण किया जाय तो आज के परिवेश में पूरे विश्व को एक सूत्र में बांधने में बुद्ध के विचार आज भी प्रासंगिक है मोहन कुशवाहा ने तथागत गौतम बुद्ध के दिए गए संदेशों पर चलने सामाजिक समरसता को कायम रखने का आवाहन किया सर्वेश कुमार एवं रेशमा सिंह ने समिति के पुस्तकालय को बुद्ध का धम्म देशना किताब उपहार में दिया सरोज बौद्ध ने महिलाओं को बुद्ध के दिये गए विचारो पर चल कर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिये डॉ दिनेश सिंह रविकांत कुशवाहा शशिकांत वर्मा रवि शावक मनीष वर्मा विनोद मौर्य ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

## संदिग्ध हालत में छत से गिरकर युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैंस्ता में संदिग्ध हालत में एक युवक की मौत हो गयी। बुधवार की देर रात गांव के पंचायत भवन में बने शौचालय की छत पर सो रहे मृतक के नीचे गिर जाने पर उसे मौदहा सीएचसी लाया गया था जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल शुरू की है। मृतक उजनेड़ी गांव का रहने वाला बताया गया है। सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों मे कोहराम मच गया है। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि कामता पाल 29 वर्ष निवासी उजनेड़ी थाना ललपुरा अपने गांव के ही मित्र तेज प्रताप पुत्र मैय्यादीन के साथ भैंसता में तेजप्रताप की ससुराल गया था। बताया गया है कि कामता पाल ने शराब पी रखी थी। वह दोनों रात्रि में पंचायत भवन की छत पर सो रहे थे। सुबह करीब 4 बजे तेज प्रताप के जगने पर देखा कि कामता पाल छत के नीचे गिरकर कराह रहा है। घायल कामता पाल को उपचार हेतु सीएचसी मौदहा लाया गया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। मृतक के परिजनों से तहरीर प्राप्त कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## बीच बचाव करने पर युवक को पीटा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। बीच बचाव करने पर तीन लोगों ने घर में घुसकर युवक को जमकर मारा पीटा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टेढ़ा गांव निवासी रणविजय सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके पड़ोसी बबलू सिंह, कल्लू सिंह, अनमोल सिंह उसके चचेरे भाई भोला सिंह के साथ मारपीट कर रहे थे। जब उसने ऐसा करने से रोका तो यह तीनों उसके घर के अंदर घुस आए और गाली गलौज करते हुए जमकर पीटा और जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित ने पुलिस को न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आत्महत्या के लिए उकसाने पर 7 वर्ष के कठोर कारावास व अर्थदण्ड की मिली सजा

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बे में महिला को प्रताड़ित करने पर आग से जलकर आत्महत्या करने के मुकदमे में अभियुक्तों को 7 वर्ष के कठोर कारावास व अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। उक्त मामले में धारा 306 आईपीसी में अभियुक्त राजेश उर्फ राजू पुत्र गया प्रसाद सोनकर व मृतका सुमित्रा पत्नी गया प्रसाद निवासीगण धर्मेश्वर बाबा कस्बा सुमेरपुर के विरुद्ध 15 जून 2009 को मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुकदमे के विवेचक उपनिरीक्षक कृष्ण चन्द्र तिवारी, अभियोजक एडीजीसी अशोक कुमार शुक्ला, पैरोकार कांस्टेबल जगत सिंह द्वारा अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप आज माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त राजेश उर्फ राजू उपरोक्त को दोषसिद्ध पाते हुये को 7 वर्ष के कठोर कारावास व 5 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# अपने सांसद नरेंद्र मोदी की जीत की कहानी लिखेगी काशी की आधी आबादी

**लोकसभा चुनाव में काशी की आधी आबादी सांसद के साथ चुनेगी प्रधानमंत्री**

**यूपी में योगी सरकार 'शक्ति' को बना रही महाशक्ति, मिशन शक्ति के जरिए महिलाओं को बढ़ा रही सरकार**

**महिलाओं की सुरक्षा के साथ आत्मनिर्भर और शक्तिशाली भी बनाया जा रहा**

**उज्जवला, महिला स्वयं सहायता समूह, स्वास्थ्य संबंधित योजनाओं का लाभ लेने वाली लाखों महिला लाभार्थी निर्णायक भूमिका में**

**वाराणसी जनपद में 14 लाख से अधिक महिला मतदाताएं बनीं मोदी–योगी की संदेशवाहक**

अमन लेखनी समाचार

**वाराणसी :** काशी के लोकसभा चुनाव-2024 में आधी आबादी अपने सांसद नरेंद्र मोदी के जीत की पूरी कहानी लिखेगी। केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार आधी आबादी को आत्मनिर्भर बना रही है। इसके लिए वे अनेक योजनाएं भी चला रही हैं। सिर्फ उज्ज्वला योजना की ही बात करें तो वाराणसी में लाखों गृहिणियों को जानलेवा धुएं से छुटकारा मिला है। 5.90 लाख से अधिक राशन कार्ड बनाए गए हैं। इसके अलावा लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, बिजली सखी, घरौंनी, सीएम- पीएम आवास योजना, इज्जत घर, आयुष्मान, मुफ्त राशन, स्वयं सहायता समूह जैसी तमाम योजनाओं से लाखों मातृशक्ति मजबूत हो रही है। लोक सभा चुनाव में आधी आबादी सांसद नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में भी चुनेगी।

### मोदी–योगी की डबल इंजन सरकार ने मातृशक्ति को बना दिया है शक्तिशाली

डबल इंजन की सरकार ने मातृशक्ति को इतना शक्तिशाली बना दिया है कि वे अपने अच्छे भविष्य के निर्णय के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं है। चुनाव में महिलाओं के हित में काम करने वाली सरकार को चुनने की बात हो या सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेना हो, मातृशक्ति कहीं भी चूकने वाली नहीं। जहरीले धुएं से छुटकारा दिलाने वाली उज्ज्वला योजना से काशी में 2,50,953 घरों में चूल्हा जल रहा है। इससे महिलाओं को अच्छा स्वास्थ्य मिल रहा है। उनके समय की भी बचत हो रही है। वाराणसी में राशन कार्ड की संख्या 6,04,424 है। इसमें घर की मुखिया के रूप में सिर्फ महिलाओं के नाम से 5,90,666 राशन कार्ड बने हैं। इसका लाभ पूरे परिवार को मिल रहा है। इसके अलावा अन्य कई योजनाओं में महिला लाभार्थियों की संख्या लाखों में है।

### 14 लाख से अधिक मातृशक्ति निभाएंगी निर्णायक भूमिका

काशी जनपद में लगभग 14 लाख से अधिक मातृशक्ति मतदाताएं इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएंगी। योगी सरकार की मिशन शक्ति ने महिलाओं को सुरक्षा के साथ आत्मनिर्भर और शक्तिशाली बना दिया है।

## बुद्ध पूर्णिमा शाह फैज स्कूल गाजीपुर में धूमधाम से मनाया गया

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के शाह फैज स्कूल में कार्यक्रम की शुरूआत की। उसके पश्चात विद्यालय के निदेशक डॉ नदीम अधमी ने सभी को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनायें दीं व कहा कि हमें बुद्ध की शिक्षाओं को ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने बताया की हमें हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए, जो बीत गया उस पर समय नहीं व्यर्थ करना चाहिए, स्वास्थ्य ही हमारी पूंजी है, क्रोध पर नियंत्रण करना चाहिए और हमें विषम परिस्थितियों में भी शांत रहना चाहिए। इसी क्रम में विद्यालय की उप प्राचार्य डॉ प्रीती उपाध्याय ने बुद्ध के द्वारा बताये गए रास्ते पर चलने की अपील की व बताया कि दुःख ही सत्य है। हमें उसके कारण को ढूंढना चाहिए व उसे दूर करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हमें सुख में बहुत खुश और दुःख में बहुत दुखी नहीं होना चाहिए।

# समाचार के देवता देवर्षि नारद जन्मोत्सव आज

- सोनांचल में कई जगहों पर आदि पत्रकार देवर्षि नारद जी को करेंगे याद

**विश्व संवाद केंद्र काशी द्वारा जिले के कई पत्रकार नारद पत्रकार सम्मान से हो चुके हैं विभूषित**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र । सनातन मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को देवर्षि नारद जी का जन्म ब्रह्मा जी की गोद में हुआ था । तदनुसार 2024 में यह तिथि 24 मई को पड़ रही है । कठिन तपस्या के पश्चात नारद जी को देवर्षि पद प्राप्त हुआ था । भगवान विष्णु के भक्त नारद जी को समाचार का देवता माना जाता है । गौरतलब हो कि सृष्टि के संदेश वाहक नारद जी ब्रह्मांड के प्रथम पत्रकार के रूप में पूज्य है । ब्रह्मा जी के सात मानस पुत्रों में से एक नारद जी को लोग विष्णु का अंश भी मानते है । विश्व संवाद केंद्र काशी की ओर से हर वर्ष देवर्षि नारद जयंती पर चुने हुए कलमकारों को नारद सम्मान से सम्मानित किया जाता है । निष्पक्ष , पारदर्शी , स्वतंत्र पत्रकारिता का अनुपम उदाहरण देवर्षि नारद हैं । रामायण और महाभारत काल खंडके अनेक उदाहरण गिनाए जा सकते है । देवलोक से पृथ्वी तक निष्पक्ष ,उपयोगी और आवश्यक संवाद के लिए सनातन धर्म मानने वालो के लिए नारद जी एक आदर्श संदेश वाहक थे । सृष्टि के समाचार के देवता , पृथ्वी के प्रथम पत्रकार , देव संवाददाता माने जाते है । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़ा विश्व संवाद केंद्र काशी की ओरसे नारद जयंती पर हर वर्ष कार्यक्रम आयोजित किया जाता है । सोनभद्र के वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी , रामनारायण सर्राफ , डॉक्टर परमेश्वर दयाल पुष्कर विजय शंकर चतुर्वेदी और भोलानाथ मिश्र , समेत कई पत्रकार अब तक सम्मानित हो चुके है । प्रज्ञा प्रवाह के उत्तर प्रदेश , बिहार छत्तीसगढ़ के संगठन मंत्री वरिष्ठ प्रचारक रामाशीष जी अब तक अनेक पत्रकारों को विभिन्न स्थानों पर सम्मानित कर चुके हैं । वे एक प्रखर वक्ता , चिंतक , विचारक है । संघ के प्रचार प्रमुख नीरज सिंह नारद जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करते है । जमसोकर गांव के निवासी संघ के जिला कार्यवाह बृजेश सिंह का मानना है कि देवर्षि नारद जी का जीवन चरित्र आज 2024 के अमृतकाल में हो रहे 18 वें लोकसभा के आम चुनाव में एक निष्पक्ष पत्रकार की भूमिका के लिए अनुकरणीय उदाहरण है ।

# सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

- मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का सोनभद्र से रहा संबंध:माधवाचार्य महेश देव पांडेय
- विंध्य पर्वत पर अवस्थित चुनार किले से भगवान श्री कृष्ण ने 16000 राजकुमारी को मुक्त कराया था
- श्रीमद् भागवत पुराण कथा के अंतिम दिन भक्तगणों ने हवन में दी आहुति



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज नगर के उत्तर मोहाल स्थित मां शीतला धाम के पास पुरोहित पंडित अनिल पांडेय के संयोजन, संगीतकार अरविंद पाठक, भोला उपाध्याय, गिरवर पांडेय, अनिल दुबे, उमेश जी के गायन, वादन में मुख्य यजमान मोतीलाल सोनी, ललिता देवी के नेतृत्व में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत कथा व्यास माधवाचार्य ( महेश देव पांडेय ) जी ने श्रीमद् भागवत पुराण में वर्णित कथा भक्तों को सुनाते हुए कहा कि -₹11 वा अवतार मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का हुआ हुआ जिनका संबंध वर्तमान सोनभद्र से रहा है। वनागमन के समय विंध्य पर्वत को पार कर सोनभद्र के मार्ग से दक्षिण दिशा की ओर गए थे। मध्वाचार्य जी ने 12वे अवतार श्री कृष्ण के चरित्र एवं लीला का वर्णन करते हुए कहा कि- भगवान श्री कृष्णा ने चुनार किले में बंदी 16000 राजकुमारियो को मुक्त कराया था। इन राजकुमारी ने भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति मान लिया, भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना नदी के तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा, सभी गोपियां सोलह श्रृंगार कर यमुना तट पर पहुंची श्रीकृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपना सुध-बुध खो बैठी एवं श्री कृष्ण के महारास में भाग लिया। ऐसा माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनके कृष्ण मिल गये और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ।

भगवान श्री कृष्ण एवं रुक्मणी के विवाह प्रसंग पर चर्चा करते हुए कहा कि- भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारिका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया । कथा के साथ-साथ संगीतमय भजन, आरती हवन मे प्रतिभा देवी, रीना गुप्ता, गुलाबी देवी, आशा देवी, माधुरी, अंजू, चंदन सोनी, सन्नू सोनी, सहित सभी भक्तों ने भाग लिया ।

# जिला जज द्वारा जिला कारागार चुर्क घुर्मा सोनभद्र का किया गया औचक निरीक्षण




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला जज रविन्द्र विक्रम सिंह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं शैलेन्द्र यादव, अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट नं०-2/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज जिला कारागार (घुर्गा), सोनभद्र का औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान साथ में ट्रेनी न्यायिक अधिकारी भी उपस्थित रहे, निरीक्षण के दौरान पाठशाला में बन्दियों हेतु सुबह का भोजन तैयार किया जा रहा था, जिसकी गुणवत्ता मानक के अनुसार सही पायी गयी। निरीक्षण के दौरान कारागार चिकित्सालय में भर्ती बन्दियों की बीमारी आदि के सम्बन्ध में जेल प्राधिकारियों से जानकारी प्राप्त की गई तथा बन्दियों से उनके स्वास्थ्य का जायजा लिया। इस दौरान कारागार की बैरकों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था दिन एवं रत्रि शौचालय, स्नान व्यवस्था आदि को बहुत बारीकी से चेक किया गया, किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं पायी गयी, माननीय जिला जज द्वारा बन्दियों को कारागार में कार्य करने के बदले मिलने वाली मजदूरी आदि के सम्बन्ध में जानकारी की गयी। कारागार की बैरकों में निरूद्ध बन्दियों की बैरकों के अन्दर जाकर उनके रहन-सहन, बिस्तर, इन्डोर गेम व आउट डोर गेम के साथ-साथ विचार परिवर्तन हेतु संचालित किये जा रहे कार्यक्रम, विधिक सेवा, बिना शुल्क के अधिवक्ता आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान जे०पी०दूबे जेलर, डिप्टी जेलर शशांक व गौरव कुमार एवं अन्य कारागार कार्मियों के साथ डिप्टी चीफ (एल0ए0डी0सी0) सत्यारमन त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# मतदान करीए, सिनेमा के टिकट और ब्यूटी पार्लर में पाइए भारी छूट पाएं

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर जिले में चुनाव का पर्व देश का गर्व ह्यह्यजिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी की अनोखी पहलह्यह्य जनपद जनपदवासियों के लिए दिनांक 02 जून, 04 जून, 2024 तक। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपवासियों को सूचित किया है कि 01 जून मतदान दिवस के अवसर पर मतदान करे और एन0वाई0 सुहासिनी गाजीपुर एवं ए0वी0 स्टार सिनेमा वी-मार्ट गाजीपुर में सिनेमा टिकट पर 25 प्रतिशत छूट पाये इसके साथ ही शाजिद इकबाल एण्ड व्यूटी सैलुन नियर वी-मार्ट गाजीपुर में ब्यूटी पार्लर एवं सैलोन द्वारा 30 प्रतिशत की छूट पाये। छूट पाने के लिए मतदान में प्रयोग अमिट स्याही दिखा कर छूट का लाभ ले सकते। साथ ही सभी युवा वर्ग से कहा कि अपने सहयोग कर के अपने घर के आसपास का कोई मतदाता मतदान दिवस पर विशेष ध्यान रखते सभी लोग को मतदान स्थल पर ले कर जा और उनका मतदान अवश्य कराएं और जिले में कोई भी व्यक्ति न छुटे।

# कस्बे की ओपीडी दुरस्त, ग्रामीण क्षेत्रों की बदहाल

**उल्टी दस्त बुखार के बढे मरीज**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। मौसम में हुए बदलाव से कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में उल्टी दस्त बुखार के मरीजों में जोरदार इजाफा हुआ है। ओपीडी खुलते ही मरीजों से अस्पताल भर जाते हैं। कस्बे में डॉक्टर समय पर ओपीडी में आ रहे हैं जबकि ग्रामीण क्षेत्रों की ओपीडी डॉक्टरों के बजाय फार्मासिस्टों एवं वार्ड ब्वायों के सारे संचालित हो रही है। कस्बे की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 200 मरीजों को देखा जा रहा है।

कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी के हालात बेहतर हैं। ओपीडी में डॉक्टर समय पर पहुंच रहे हैं। गुरुवार को ओपीडी में डा. विश्वेंद्र कुमार, डा. परवेज कादरी, डा. शमा परवीन समय पर मौजूद थीं। यहां पर सुबह से मरीजों का तांता लगा हुआ था। उल्टी दस्त के मरीजों से अस्पताल के बेड फुल थे। यहां प्रतिदिन औसतन 200 मरीजों का उपचार किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के हालात बदतर हैं। विदोखर, कलौली जार, पचखुरा महान, मौहर, पत्योरा पीएचसी डॉक्टर विहीन हैं। यहां पर फार्मासिस्ट एवं वार्ड बॉय अस्पताल चला रहे हैं। सरकार की तरफ से आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेलों में डॉक्टरों की उपस्थिति कुछ समय के लिए कभी कभार हो जाती है बाकी दिनों की व्यवस्था राम भरोसे है। इसलिए यहां मरीजों की संख्या नगण्य रहती है।

# सपाइयों की शिकायत व आयोग की फटकार के बाद मंडी हुई चकाचक

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सपाइयों की शिकायत एवं चुनाव आयोग की फटकार के बाद नवीन गल्ला मंडी सुमेरपुर की विद्युत आपूर्ति को अधिकारियों ने चकाचक बना दिया है। बीती रात एक मिनट के लिये भी विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं हुई। मतदान के बाद नवीन गल्ला मंडी में बनाए गए स्ट्रांग रूमों में रखी गई ईवीएम की सपाई रात दिन मौजूद रहकर प्रशासन के साथ कड़ी निगरानी कर रहे हैं। मंगलवार को रात में दो बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर सीसीटीवी कैमरों की लोकेशन चुनाव आयोग के लखनऊ एवं दिल्ली के दफ्तरों में बाधित हुई। इसको संज्ञान में लेकर आयोग के अधिकारियों ने जिला प्रशासन को कडे निर्देश दिए थे। उधर सपाइयों ने एडीएम के पास शिकायत दर्ज कराकर व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की थी। बुधवार को देर शाम जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नवीन गल्ला मंडी का दौरा करके अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए थे। इसके बाद बुधवार/गुरुवार की रात आपूर्ति में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ है। नवीन गल्ला मंडी में विद्युत विभाग की टीम लगातार कैंप कर रही है। उधर सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण सिंह यादव, मुन्नीलाल निषाद, सुरेन्द्र सिंह यादव, अनार सिंह, ओमप्रकाश वारसी, मेजर जावेद पहलवान, स्वनेश सोनी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी आदि मौजूद रहकर रात भर निगरानी कर रहे हैं।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

ज्योतिष शास्त्र

## हथेली पर कहां होती है विवाह रेखा? क्या कहता है सामुद्रिक शास्त्र

माना जाता है कि हथेली की प्रमुख रेखाएं जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं, जैसे विवाह, संतान, करियर और स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देती हैं। इन सब के अलावा हथेली की रेखाएं हमारे प्रेम जीवन और शादी के बारे में भी बताती हैं। सामुद्रिक शास्त्र ज्योतिष का प्राचीन अंग है। इस शास्त्र के अनुसार इंसान के हाथों की रेखाओं, नाखूनों, उंगलियों और हथेली के आकार के आधार पर उसके व्यक्तित्व, स्वास्थ्य, भविष्य और भाग्य के बारे में जानकारी देता है। माना जाता है कि हथेली की प्रमुख रेखाएं जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं, जैसे विवाह, संतान, करियर और स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देती हैं। इन सब के अलावा हथेली की रेखाएं हमारे प्रेम जीवन और शादी के बारे में भी बताती हैं। इसे विवाह रेखा कहा जाता है। इन रेखाओं का होना और भी कई पहलुओं में शुभ माना जाता है इसलिए इसके बारे में जानना चाहिए।

**विवाह रेखा :** यह रेखा हथेली की छोटी उंगली के नीचे बुध पर्वत पर होती है। यह विवाह, वैवाहिक जीवन और जीवनसाथी के बारे में जानकारी देती है। रेखा की लंबाई, गहराई और स्पष्टता विवाह के समय, जीवनसाथी के स्वभाव और वैवाहिक जीवन की सफलता का संकेत देती हैं। कई बार कुछ लोगों के हाथ में ये रेखा टूटा हुआ होता है जो विवाह विच्छेद का कारण बन सकता है।

**संतान रेखा :** यह रेखा विवाह रेखा के समानांतर छोटी उंगली के नीचे बुध पर्वत पर होती है। यह संतान की संख्या, उनके स्वास्थ्य और जीवन में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी देती है। रेखाओं की संख्या संतान की संख्या का संकेत देती है, जबकि रेखाओं की गहराई और स्पष्टता उनके स्वास्थ्य और जीवन में सफलता का संकेत देती हैं।

**प्रेम रेखा :** सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार यह रेखा हथेली के किनारे से शुरू होकर हृदय रेखा की ओर जाती है। यह प्रेम संबंधों, रोमांस और भावनात्मक लगाव के बारे में जानकारी देती है। रेखा की लंबाई, गहराई और स्पष्टता प्रेम संबंधों की संख्या, उनकी तीव्रता और स्थायित्व का संकेत देती हैं।

**रोजगार रेखा :** यह रेखा हथेली के आधार से शुरू होकर मणिबंध की ओर जाती है। यह करियर, रोजगार और पेशेवर जीवन के बारे में जानकारी देती है। रेखा की लंबाई, गहराई और स्पष्टता करियर की सफलता, आय और पेशेवर जीवन में संतुष्टि का संकेत देती हैं।

**स्वास्थ्य रेखा :** सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार यह रेखा छोटी उंगली के नीचे बुध पर्वत से शुरू होकर हथेली के किनारे की ओर जाती है। यह स्वास्थ्य, शारीरिक और रोगों के प्रति संवेदनशीलता के बारे में जानकारी देती है। रेखा की लंबाई, गहराई और स्पष्टता स्वास्थ्य की स्थिति, रोगों से बचाव और जीवन काल का संकेत देती हैं।

**आयु रेखा :** यह रेखा हथेली के आधार पर अंगूठे के चारों ओर एक अर्धवृत्त बनाती है। यह जीवन काल, शारीरिक ऊर्जा और जीवन में आने वाली चुनौतियों का संकेत देती है। रेखा की लंबाई, गहराई और स्पष्टता जीवनकाल, स्वास्थ्य और जीवन में आने वाली बाधाओं का संकेत देती हैं।

## तरक्की और धन लाभ के लिए घर में जरूर होनी चाहिए ये पांच चीजें

कई बार अथक प्रयास करने के बाद भी आपके घर में पैसा नहीं टिकता या आप धन संबंधी परेशानियों को लेकर चिंतित रहते हैं तो इसका कारण आपके घर में मौजूद वास्तुदोष हो सकता है। इस दोष से मुक्ति और धन के अभाव को दूर करने के लिए वास्तु शास्त्र में पांच चीजें ऐसी बताई गई हैं जिससे धन और सुख में बाधक नकारात्मक शक्तियों का प्रभाव दूर जाता है और देवी लक्ष्मी की कृपा आपके घर-परिवार पर बनी रहती है।

**बांसुरी :** बांसुरी को वास्तु दोष दूर करने में बहुत ही कारगर उपाय माना गया है। आर्थिक समस्याओं से मुक्ति के लिए व्यक्ति को चांदी की बांसुरी घर के पूर्व या उत्तर दिशा में रखना चाहिए। आप चाहें तो सोने की बांसुरी भी रख सकते हैं। अगर सोने अथवा चांदी का बांसुरी रखना संभव नहीं हो तो बांस से बनी बांसुरी घर में रख सकते हैं ऐसा करने से घर में लक्ष्मी का वास बना रहता है। शिक्षा, व्यवसाय या नौकरी में बाधा आने पर शयन कक्ष के दरवाजे पर दो बांसुरियों को लगाना शुभ फलदायी होता है।

**गणेशजी की ऐसी प्रतिमा :** गणेशजी यूं तो हर रूप में मंगलकारी हैं। लेकिन धन और सुख में बाधा को दूर करने के लिए नृत्य करती हुई गणेशजी की प्रतिमा घर में रखना बहुत ही शुभ होता है। उत्तर-पूर्व दिशा की तरफ इसे ऐसे स्थान पर रखें, जहां से सभी की दृष्टि इस पर बार-बार पड़े। प्रतिमा नहीं होने पर तस्वीर भी लगा सकते हैं।

**मां लक्ष्मी और कुबेर :** देवी लक्ष्मी की तस्वीर या मूर्ति आपके घर में जरूर होगी, लेकिन धन में वृद्धि के लिए लक्ष्मी के साथ घर में कुबेर की मूर्ति या तस्वीर जरूर होनी चाहिए। क्योंकि, लक्ष्मी धन का सुख देती हैं लेकिन आय के बिना धन का सुख संभव नहीं है। आय कुबेर प्रदान करते हैं। इसलिए दोनों एक दूसरे के पूरक माने जाते हैं। कुबेर महाराज उत्तर दिशा के स्वामी हैं इसलिए इन्हें हमेशा उत्तर दिशा में ही रखें।

शरीर में विटामिन की पर्याप्त मात्रा का होना जरूरी

# चटकने लगे हड्डियां तो समझ लें शरीर में इन विटामिन की हो गई हैं कमी

शरीर के लिए विटामिन बहुत ज्यादा जरूरी होते हैं। अगर इनकी कमी हो जाए तो अलग-अलग तरह के लक्षण शरीर में दिखने लगते हैं। इन लक्षणों को अगर शुरुआत में समझ लिया जाए तो विटामिन की पूर्ति शुरुआत में ही हो सकती है। हेल्दी बॉडी के लिए शरीर में विटामिन की पर्याप्त मात्रा का होना जरूरी है। अगर विटामिन की पर्याप्त मात्रा नहीं होगी तो समस्याएं हो सकती हैं जैसे रात को पूरी नींद लेने के बाद भी थकान या नींद की कमी महसूस होती है। वहीं, कुछ विटामिन की कमी होने पर हड्डियों में तकलीफ हो सकती है। शरीर में कुछ जरूरी विटामिन की कमी हो गई है तो आपके शरीर में अलग-अलग तरह के बदलाव दिखेंगे। इन बदलावों को समझकर आप विटामिन की पूर्ति कर सकते हैं और समस्याओं से भी खुद को बचाकर रख सकते हैं।



### विटामिन ए की कमी

विटामिन ए की कमी के शुरुआती लक्षणों में से एक रतौंधी है। अगर आपको रतौंधी है, तो आपको अंधेरे में ठीक से देखने में परेशानी हो सकती है। लेकिन पर्याप्त रोशनी होने पर आप सामान्य रूप से देख सकते हैं। रेटिनल विकार रतौंधी का कारण बनता है। लीवर की खराबी के कारण भी विटामिन ए की कमी हो जाती है।



### विटामिन बी 12 की कमी

विटामिन-बी12 शरीर के लिए काफी जरूरी है। अगर एक बार इसकी कमी हो जाए तो पूर्ति करने के लिए इंजेक्शन ही लगवाने पड़ते हैं। इस विटामिन की कमी होने पर थकान और नींद आने की समस्या हो सकती है। इस विटामिन की कमी होने पर कमजोर मांसपेशियां, चिड़चिड़ापन, धड़कने तेज होना जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं।

### विटामिन डी की कमी

रिपोर्ट्स की मानें तो विटामिन-डी की कमी से बहुत ज्यादा नींद आने की समस्या हो सकती है। इसके अलावा विटामिन-डी की कमी से हर समय कमजोरी, थकान और आलस महसूस होता है। कुछ रिपोर्ट्स का कहना है कि इसकी कमी की वजह से डिप्रेशन की समस्या भी हो सकती है।

## 24 घंटे मोबाइल से चिपके रहने के हो सकते हैं खतरनाक दुष्परिणाम

आजकल स्मार्टफोन और इंसानों की बीच एक ऐसा संबंध हो गया है जो कि हर चीज से ऊपर है। इंसान, इंसान से उतनी मोहब्बत नहीं कर रहा है, जितना मोबाइल से कर रहा है। लोग अपने साथ चल रहे इंसान को भूल सकते हैं, लेकिन अपने फोन को लेना नहीं भूल सकते हैं। कई लोग सिर्फ काम के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हैं तो कई लोग खूब गेम भी खेलते हैं। कई लोग ऐसे हैं जो फोन का इस्तेमाल हर दिन 10-12 घंटे तक करते हैं जो कि उनके लिए बहुत ही खतरनाक है।

आंखों में तनावः लंबे समय तक मोबाइल स्क्रीन को देखने से आंखों पर तनाव पड़ सकता है, जो आंखों के लिए हानिकारक हो सकता है।



### स्वास्थ्य समस्याएं

बहुत लंबा समय तक मोबाइल का इस्तेमाल करने से गर्दन और पीठ में दर्द हो सकता है। इसके अलावा, लंबे समय तक स्क्रीन को देखने से सिरदर्द की भी समस्या हो सकती है।

**नींद की समस्याः** रात को लंबे समय तक मोबाइल का इस्तेमाल करने से नींद की समस्या हो सकती है, क्योंकि मोबाइल की ब्लू लाइट नींद की गुणवत्ता को प्रभावित करती है।

### मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं

मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है, जैसे कि अत्यधिक स्ट्रेस, चिंता, और डिप्रेशन। इसके अलावा कई बार ऐसा भी हो सकता है कि फोन ना मिलने पर आप बिना मतलब बेचैन हो सकते हैं। ऐसे में बेहतर यही है कि खाते समय, टीवी देखते समय, किसी से बात करते मोबाइल का इस्तेमाल ना करें। बहुत जरूरी हो तब ही फोन का इस्तेमाल करें। मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से सामाजिक और पारिवारिक संबंधों का भी नुकसान होता है, क्योंकि इससे असली जीवन में भटकाव होता है।

## 2 साल से छोटे बच्चों को शुगर खिलाने के होते हैं ये नुकसान

जिन बच्चों को ज्यादा चीनी वाली डाइट दी जाती है उनसे कम चीनी खाने वाले बच्चों की तुलना में ग्रोथ के दौरान कई सेहत से जुड़ी प्रॉबल्म्स हो सकती हैं। ऐसे में बच्चों को बचपन में बीमारियों का सामना भी करना पड़ सकता है जिसमें बचपन का मोटापा हार्ट डिजीज और दांतों का सड़ना शामिल है। शुगर की जगह बच्चों को साबुत फल देने चाहिए।

बच्चे आम तौर पर मीठे फूड आइटम्स का स्वाद पसंद करते हैं, लेकिन छोटे बच्चों को शुगर देना उनके स्वास्थ्य के लिए सही नहीं होता है। दरअसल, प्रॉबल्म यह है कि, जितनी जल्दी आप अपने बच्चों को शुगर देंगे, उतने ही चांसेस ज्यादा होंगे कि, आपका बच्चा मीठे का शौकीन बनेगा। बचपन में हाई शुगर वाले फूड खाने से दिल से जुड़ी बीमारियां, मोटापा और हाई ब्लड प्रेशर हो सकती हैं। इसीलिए, 2 साल की उम्र से पहले एक्स्ट्रा शुगर से बचने की सिफारिश की जाती है।



### बच्चों की डाइट में करें ये बदलाव

ऐसे फूड आइटम्स को ढूंढना वाकई मुश्किल हो गया है, जो एक्स्ट्रा शुगर से नहीं बने हैं। यहां तक कि जिन फूड आइटम्स को हेल्दी माना जाता है, जैसे कि साबुत गेहूं की रोटी, उनमें भी शुगर होती है। इसीलिए ऐसे फूड आइटम्स और ड्रिंक्स से बचना बहुत जरूरी है जो एक्स्ट्रा चीनी से भरे होते हैं। इन बदलावों को करने से आप अपने बच्चे की हेल्थ में सुधार कर सकते हैं।

- मीठे ड्रिंक्स के बजाय बच्चों को पानी या सादा दूध पिएं।
- जूस के बजाय, सॉफ्ट फल, जैसे केले और पके आम जैसे फल खिलाएं।
- फलों के स्नैक्स के बजाय, बिना किसी एक्स्ट्रा शुगर के फल खिलाएं।
- आइसक्रीम के बजाय, फलों के साथ सादा, दूध से बना दही का पैराफेट खिलाएं।
- कुकीज या टोडलर प्रोटीन बार को ना खिलाएं।



## अच्छे-खासे लोगों को 'पागल' बना देती है न्यूरॉन्स की कमी

न्यूरॉन्स की कमी से सोचने-समझने के क्षमता कम होना, मूड डिसऑर्डर, नींद न आना, दौरा आना, दिमागी समस्याएं, महसूस कर पाने की क्षमता कम होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### दिमागी ताकत बढ़ाने के उपाय

न्यूरॉन नर्वस सिस्टम के बिल्डिंग ब्लॉक हैं, जो पूरे शरीर में सूचना पहुंचाने का काम करते हैं। ये स्पेशल सेल्स आपस में इलेक्ट्रिक और केमिकल सिग्नल के जरिए संचार करती हैं, जिससे आपको सोचने-समझने और काम करने में मदद मिलती है। दिमागी कामकाज को बेहतर बनाए रखने के लिए न्यूरॉन्स बनाए रखना जरूरी है।

### एक्सरसाइज है जरूरी



फिजिकल एक्टिविटी न केवल शरीर के लिए, बल्कि मस्तिष्क के लिए भी फायदेमंद होती है। व्यायाम से कुछ ऐसे तत्व निकलते हैं जो न्यूरॉन के विकास और उन्हें सुरक्षित रखने में मदद करते हैं।

### हेल्दी डाइट

पोषक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार का सेवन न्यूरॉन के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। एंटीऑक्सीडेंट, ओमेगा -3 फैटी एसिड, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर आहार लें। इसमें फल, सब्जियां, मेवे, बीज, फैटी मछली (जैसे स सामन और मैकेरल) और साबुत अनाज शामिल हैं।

### पर्याप्त नींद है जरूरी

अच्छी और पर्याप्त नींद लेना मस्तिष्क के स्वास्थ्य और न्यूरॉन के कार्य के लिए महत्वपूर्ण है। नींद के दौरान, मस्तिष्क याददाश्त को मजबूत करता है और दिन भर में जमा हुए विषाक्त पदार्थों को साफ करता है।

### तनाव से बचें

दिमाग पर लगातार तनाव का बुरा असर पड़ सकता है और याददाश्त कमजोर होने लग सकती है। तनाव कम करने वाली गतिविधियाँ अपनाएं, जैसे माइंडफुलनेस मेडिटेशन, गहरी सांस लेना, योग या प्रकृति में समय बिताना।

### लोगों से मिलें, बात करें

मजबूत सामाजिक संबंध बनाए रखना और सार्थक सामाजिक संपर्क मस्तिष्क के स्वास्थ्य और न्यूरॉन के कार्य को सपोर्ट करते हैं। इससे डोपामाइन और सेरोटोनिन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर रिलीज़ होते हैं, जो मूड को ठीक करते हैं।

### धूम्रपान और शराब से बचें

दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों से दूर रहें। धूम्रपान, शराब का अधिक सेवन और जहरी धातुओं तथा कीटनाशकों के संपर्क में आने बचें।

कार्नर न्यूज

शरीर में पानी की कमी न होने देना बहुत जरूरी है

# ठंडा पानी, चिल्ड बियर...गर्मी में हार्ट अटैक लाकर छोड़ेंगी ये गलती

*गर्मी के मौसम में कुछ आम गलतियां होती हैं जो सीधे तौर पर आपके दिल को प्रभावित कर सकती हैं। कुछ ऐसी गलतियों के बारे जानिए, जो गर्मियों में हार्ट अटैक का कारण बन सकती हैं। गर्मियों में हम अक्सर अपनी सेहत को ध्यान नहीं देते हैं, जो कई बार दिल के दौरे का कारण बन सकता है। गर्मी में शरीर को अपना तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इससे दिल, फेफड़े और किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। यानी, अगर आपको पहले से ही हृदय संबंधी कोई बीमारी है तो गर्मी में खतरा ज्यादा बढ़ सकता है। ज्यादा पसीना निकलने की वजह से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। ऐसे में खूब सारा तरल पदार्थ पीने से शरीर में पानी की कमी पूरी होगी और ब्लड प्रेशर अचानक कम होने से भी बचा जा सकेगा। इसलिए, गर्मी के दिनों में ठंडा रहना और शरीर में पानी की कमी न होने देना बहुत जरूरी है।*



### गर्मी में बाहर जाना

अत्यधिक गर्मी में धूप में बाहर जाना आपके शरीर को अत्यधिक तापमान का सामना करने के लिए मजबूर कर सकता है, जो हृदय संबंधी समस्याओं को बढ़ा सकता है।

### पानी की कमी

गर्मियों में शरीर से पानी की कमी होने का खतरा बढ़ जाता है, जो दिल के लिए हानिकारक हो सकता है। पानी की कमी से शरीर की संतुलित रक्तचालन में बाधा होती है, जो हार्ट अटैक के खतरे को बढ़ा सकती है।

### अत्यधिक तली चीजें खाना

गर्मियों में अत्यधिक तली चीजें खाना आपके शरीर को अतिरिक्त वसा प्रदान कर सकता है, जिससे हृदय संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

### नियमित व्यायाम न करना

गर्मियों में व्यायाम को छोड़ देना आपके हृदय के लिए हानिकारक हो सकता है। नियमित व्यायाम करने से हृदय की स्थिति में सुधार होती है और दिल के दौरे का खतरा कम होता है।



### ठंडी बियर

गर्मियों में बहुत से लोग प्यास बुझाने के लिए अत्यधिक बियर पीते हैं जो हृदय के लिए अत्यधिक हानिकारक हो सकता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है और हृदय संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

### ठंडा पानी

ठंडा पानी पीने से हमारे शरीर में तीव्र प्रतिक्रिया हो सकती है जो अक्सर कुछ ही सेकंड में दिल के दौरे जैसी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है। यदि आपको पसीना आ रहा है तो आपको ठंडे पानी में जाने से बचना चाहिए और इसे पीने से पहले शरीर का तापमान सामान्य कर लें।